# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, बुधवार 25 दिसम्बर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ :-8 मूल्य :-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 348




शाह दस हजार नवनिर्मित बहुद्देशीय... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • स्कॉट बोलैंड की वापसी, सैम...

## अवकाश सूचना

क्रिसमस के मौके पर शकुन टाइम्स हिंदी दैनिक समाचार पत्र के कार्यालय में दिनांक 25 दिसंबर को अवकाश रहेगा। अतः पाठकों को अगला अंक 27 दिसंबर को प्राप्त होगा।

–सम्पादक

### बीएमपी जवान का शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने बिहार सैन्य पुलिस (बीएमपी) जवान का शव बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि गोदना स्टेशन के समीप से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान मुबारकपुर ईनइ गांव निवासी सुरेश ठाकुर के पुत्र बीएमपी जवान प्रदीप कुमार के रूप में की गयी है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इस मामले में प्रदीप के परिजनों ने पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा है कि प्रदीप अपनी विवाहिता बहन से मिलने पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के बलिया ज़िला के बैरिया गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था,

# महाराष्ट्र चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं

## वोटिंग प्रतिशत बदलना असंभव, कांग्रेस के हर सवाल का चुनाव आयोग ने दिया जवाब

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को कांग्रेस को एक विस्तृत प्रतिक्रिया जारी की, जिसमें हाल के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाता मतदान और मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोपों पर चिंताओं को संबोधित किया गया। आयोग ने कांग्रेस द्वारा किए गए दावों का खंडन करते हुए भारत की चुनावी प्रणाली की पारदर्शिता पर प्रकाश डाला। कांग्रेस ने शाम 5 बजे से लेकर अंतिम आंकड़ों तक मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में अकथनीय वृद्धि और डाले गए वोटों और गिने गए वोटों में कथित विसंगतियों पर चिंता जताई। इसने मतदाता सूची में मतदाताओं को जोड़ने और हटाने पर भी सवाल उठाया और दावा किया कि इन कार्रवाइयों ने कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में परिणामों को प्रभावित किया। मतदाता मतदान प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए, ईसीआई ने इस बात पर जोर दिया कि अंतिम मतदान डेटा के साथ अंतरिम आंकड़ों की तुलना करना मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण है। शाम 5 बजे वोटर टर्नआउट ऐप पर प्रदर्शित मतदाता मतदान के आंकड़े अनंतिम और समग्र रुझान हैं, जबकि अंतिम डेटा वैधानिक फॉर्म 17सी पर आधारित है, जो डाले गए वास्तविक वोटों को दर्शाता है। चुनाव आयोग ने कहा, ये प्रक्रियाएं कठोर हैं और इनमें हेरफेर की कोई गुंजाइश नहीं है। ईसीआई ने बताया कि वोटर टर्नआउट ऐप पर अपडेट समय-समय पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों के माध्यम से फोन कॉल और मैसेजिंग ग्रुप सहित विभिन्न तरीकों का उपयोग करके एकत्र किए जाते हैं। डेटा संग्रह और प्रसारण में देरी, विशेष रूप से दूरस्थ मतदान केंद्रों से, अंतरिम आंकड़े वास्तविक मतदान से पीछे रह सकते हैं।

## संभल में कुएं की खुदाई को लेकर गरमाया माहौल

# आमने-सामने आए हिंदू-मुस्लिम पक्ष, मुतवल्ली गिरफ्तार

एजेंसी



**संभल।** संभल में मंगलवार को एक बार फिर माहौल गरमाया गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के लाडम सराय में मंगलवार सुबह कुएं की खुदाई को लेकर मस्जिद के मुतवल्ली के विरोध के बाद हिंदू और मुस्लिम पक्ष के लोग आमने- सामने आ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले और विरोध पर अड़े मस्जिद के मुतवल्ली को गिरफ्तार कर थाने ले गई। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में कुएं की खुदाई का कार्य शुरू किया गया। बाद में पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई कर मुतवल्ली का चालान कर दिया। शहर के लाडम सराय मोहल्ले में मस्जिद के पास खाली पड़ी भूमि पर कुआं दबा हुआ था। नगर पालिका सभी पुराने कुओं का जीर्णोद्धार करा रही है। मंगलवार सुबह को नगर पालिका के कर्मचारी मजदूरों को साथ लेकर कुएं की खुदाई करने पहुंचे तो मस्जिद के मुतवल्ली आमिर व अन्य लोगों ने कुएं की खुदाई का विरोध किया। इस पर हिंदू और मुस्लिम पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। मौके पर दोनों समुदायों के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों समुदायों के लोगों को समझाया। इस दौरान मस्जिद के मुतवल्ली सरायतरीन निवासी आमिर पुलिस के सामने भी विरोध पर डटा रहा।

# कांग्रेस ने अंबेडकर का किया अपमान

## सीएम योगी बोले- बीजेपी उनके सपनों का भारत बनाने का कर रही काम

एजेंसी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कथित तौर पर बीआर अंबेडकर का अपमान करने और दलित और वंचित समुदायों की उपेक्षा करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की है। उन्होंने कांग्रेस पर अंबेडकर की चुनावी हार की साजिश रचने और उनके सम्मान में स्मारक स्थापित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। इसके विपरीत, उन्होंने अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के लिए भाजपा के प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों पंचतीर्थ को विकसित करना भी शामिल है।

योगी ने कहा कि इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा समय-समय पर बाबा साहेब के किये जा रहे असंवैधानिक और अनैतिक अपमान को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश की आजादी और संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। हर भारतीय के मन में बाबा साहब के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब के सपनों का देश बनाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को सम्मान दिया है। सीएम ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़े गए, जिनके बारे में उनका तर्क है कि ये अंबेडकर की मूल दृष्टि का हिस्सा नहीं थे। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा ने लगातार दलितों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के उत्थान के लिए काम किया है, जबकि यह कांग्रेस की उपेक्षा और तुष्टिकरण की राजनीति के कथित इतिहास से अलग है।

## पुंछ में सेना का वाहन 350 फीट गहरी खाई में गिरा

# 5 जवानों की मौत

एजेंसी



**जम्मू-कश्मीर।** पुंछ जिले में मंगलवार शाम को बड़ा हादसा हो गया. अधिकारियों ने बताया कि जिले के मेंढर क्षेत्र के बलनोई इलाके में सेना का एक वाहन रास्ता भटक कर खाई में गिर गया। बताया जा रहा है कि इस घटना में कई सैनिक घायल हुए हैं। सूचना मिलते हुए सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर घायल जवानों को अस्पताल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। इलाज के दौरान 5 जवानों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस गाड़ी में 8 से 9 जवान सवार थे, जिनमें से 5 की मौत हो गई है और बाकियों का इलाज किया जा रहा है। नीलम मुख्यालय से बलनोई घोरा पोस्ट की ओर जा रही 11 एमएलआई की सैन्य गाड़ी घोरा पोस्ट पर पहुंचते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी करीब 300-350 फीट गहरी खाई में गिर गई। सूचना मिलते ही 11 एमएलआई की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा सभी रैंक के जवान पुंछ सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान एक वाहन दुर्घटना में पांच बहादुर सैनिकों की दुखद मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले महीने हुई एक ऐसी ही दुर्घटना में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक सैन्यकर्मी की मौत हो गई थी और एक अन्य घायल हो गया था। यह दुर्घटना 4 नवंबर को कालाकोट के बडोग गांव के पास हुई थी, जिसमें नायक बद्री लाल और सिपाही जय प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया था। हालांकि, लाल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं 2 नवंबर को भी जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक कार के पहाड़ी सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला और उसके 10 महीने के बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार के सारण जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के विशुनपुर जगदीश गांव निवासी रामजी सिंह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान नयागांव थाना क्षेत्र में छपरा-सोनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 फोरलेन पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस घटना में रामजी सिंह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि मढ़ौरा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत मढौरा रेफरल अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र के सहवा गांव निवासी बलि साह के पुत्र व्यास साह (52) के रूप में की गयी है। सूत्रों ने बताया कि जिले के बनियापुर थाना अंतर्गत कोल्हुआ गांव के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से जलालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर नून नगर गांव निवासी नेहाल कुमार सिंह(20)की मौत हो गयी।

# पीलीभीत एनकाउंटर का बदला महाकुंभ में लेंगे

## आतंकी पन्नू की धमकी, जारी किया वीडियो

एजेंसी



**पीलीभीत।** यूपी के पीलीभीत में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के तीन आतंकियों के एनकाउंटर से भड़के सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने महाकुंभ में इसका बदला लेने की गीदड़ भभकी दी है। एसएफजे के जनरल काउंसिल गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर प्रधानमंत्री और यूपी और पंजाब के मुख्यमंत्री को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए सबक सिखाने की धमकी दी है। वीडियो का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, मंगलवार को तीनों आतंकियों के शवों का पोस्टमार्टम भी कराया गया। मामले की तह तक पहुंचने के लिए एनआईए और एटीएस ने पीलीभीत में डेरा डाल दिया है। सोमवार सुबह पीलीभीत पुलिस और पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में संयुक्त कार्रवाई करते हुए पंजाब के गुरदासपुर जिले के तीन खालिस्तानी आतंकियों गुरविंदर, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसनप्रीत उर्फ प्रताप सिंह को ढेर कर दिया था। एनकाउंटर के 24 घंटे बाद मंगलवार सुबह 11 बजे सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भरा एक वीडियो शेयर किया। इसमें मुठभेड़ में मारे गए तीनों खालिस्तानी आतंकियों को निर्दोष बताते हुए प्रयागराज महाकुंभ में इसका बदला लेने की धमकी दी गई है। पन्नू ने तीनों आतंकियों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की मदद देने की बात भी कही है। आतंकी पन्नू ने 14 व 29 जनवरी और तीन फरवरी को महाकुंभ में बदला लेने की बात कहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के प्रति अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए सबक सिखाने की भी धमकी दी है।

### पोलैंड 2025 में पहला जासूसी उपग्रह करेगा प्रक्षेपित

**वारसॉ।** पोलैंड अगले साल अपना पहला टोही उपग्रह लॉन्च करेगा। पोलिश विकास निधि और क्षेत्रीय नीति मंत्री कटारज़ीना पेल्ज़निस्का-नालेज़ ने सोमवार को यह जानकारी दी। पेल्ज़निस्का-नालेज़ ने 'एक्स' पर लिखा, अगले साल, पहला पोलिश टोही उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया जाएगा। 55 करोड़ ज़्लॉटी (13 करोड़ 40 लाख अमेरिकन डॉलर) से अधिक मूल्य के चार माइक्रोसैटेलाइट्स के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि उपग्रहों का सैन्य उद्देश्य होगा। पेल्ज़निस्का-नालेज़ ने कहा, यह खुफ़िया डेटा इकट्ठा करने में पोलिश सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पोलिश कंपनी क्रेओटेक इंस्ट्रूमेंट्स द्वारा क्रियान्वित की जाएगी।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने अस्पतालों को दिया दिशा-निर्देश

# रेप और पॉक्सो पीड़िताओं का करना होगा फ्री इलाज

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकारी और निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम को बलात्कार पीड़ितों, एसिड हमले और यौन हिंसा पीड़ितों को मुफ्त और तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करनी चाहिए और वे उन्हें चिकित्सा उपचार से इनकार नहीं कर सकते हैं। न्यायमूर्ति प्रथिबा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने सोमवार को उस मामले में कई निर्देश जारी किए जहां एक 16 वर्षीय लड़की के साथ उसके पिता ने बलात्कार किया था। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की खंडपीठ ने कहा कि बलात्कार पीड़ितों/बचे लोगों, पॉक्सो मामले से बचे लोगों और इसी तरह के पीड़ितों/बचे लोगों को मुफ्त चिकित्सा देखभाल और उपचार प्रदान करना सभी अस्पतालों, नर्सिंग होम, क्लीनिकों, चिकित्सा केंद्रों का दायित्व है। पीठ ने यह भी कहा कि यौन उत्पीड़न पीड़ितों को इलाज से इनकार करना अपराध है और ऐसा करने पर अस्पताल के डॉक्टरों, कर्मचारियों और प्रबंधन को दंडित किया जा सकता है। पीठ ने आगे कहा मुफ्त उपचार पीड़ित/उत्तरजीवी के लिए आवश्यक किसी भी परीक्षण, निदान और दीर्घकालिक चिकित्सा देखभाल तक भी विस्तारित है ऐसे पीड़ित/उत्तरजीवी को आवश्यकतानुसार शारीरिक और मानसिक परामर्श प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, पीठ ने अस्पतालों और अन्य चिकित्सा सुविधाओं को एक बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया, जिसमें कहा गया हो कि यौन उत्पीड़न, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, एसिड हमलों के पीड़ितों/उत्तरजीवियों के लिए मुफ़्त बाह्य रोगी और आंतरिक रोगी चिकित्सा उपचार उपलब्ध है। अदालत ने इस संबंध में कुल मिलाकर 16 दिशानिर्देश सूचीबद्ध किये। कोर्ट ने कहा कि अगर जरूरी हो तो एचआईवी जैसी यौन संचारित बीमारियों का इलाज भी मुहैया कराया जाए। अदालत ने कहा कि ऐसी पीड़िता/उत्तरजीवी को शारीरिक और मानसिक परामर्श दिया जाएगा और गर्भावस्था की जांच की जाएगी, और यदि आवश्यक हो तो गर्भनिरोधक प्रदान किया जाएगा।




# जय हिन्द पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में हुआ रंगा रंग कार्यक्रम

## इस दौरान विद्यालय के हेड ब्वॉय हरिओम व हेड गर्ल आनंदी को चुना गया

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनिया/चंदौली।** क्षेत्र के सोनबरसा गांव स्थित जय हिन्द पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव प्रेरणा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधक राजवंश सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शहरी क्षेत्र की तरह सभी सुविधाएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों की जो प्रतिभा दिखी, वह विद्यालय की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि किसी के विकास में कोई बाधक नहीं होता। दुनियां के सबसे बड़ी कम्पनियों में सबसे अधिक बच्चे भारत के है। वह गांव, गरीब के घर से निकला बच्चा है। विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिजीत श्रीवास्तव रहे। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि सहित अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण में प्रधानाचार्य अभिजीत श्रीवास्तव ने कहा की वर्ष 2023 में स्कूल का स्थापना कर आज सभी सुविधाओं से विद्यालय परिपूर्ण है।

विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट भी साझा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने गणेश वंदना, गलती से मिस्टेक, पंजाबी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, सोशल मीडिया पर आधारित नाटक प्रस्तुत करके बच्चों ने मन मोह लिया। आनंदी ने शिव गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के बेस्ट स्टूडेंट के रूप में हरिओम पांडेय, रुद्र प्रताप व आनंदी पांडेय को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय का हेड ब्वॉय हरिओम व हेड गर्ल आनंदी पांडेय को चुना गया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता कुमारी और आँचल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक रामबृक्ष यादव, चंद्रावती, सुनीता, अंशु यादव, आरजू पांडेय, काजल यादव, अरविन्द कुमार सिंह, रविन्द्र, तुलसी अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मानव जीवन के लिए शिक्षा बेहद जरूरी हैं: एसपी



शकुन टाइम्स संवाददाता

**आनन्दनगर /महराजगंज।** फरेंदा क्षेत्र के सिधवारी में स्थित सेंट मैरी इंटरनेशनल स्कूल में बीते दिन वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। डीआइजी अजय साहनी ने निशानेबाजी रेंज का शुभारंभ किया। इस वार्षिकोत्सव में बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा व विशिष्ट अतिथि दीपक गुप्ता ने दीप - प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में डांस, हास्य व्यंग, गीत, गीता के श्लोक के साथ अभिनय, पंजाबी नृत्य जैसे कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति कर बच्चों ने चार चांद लगा दिया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि मानव जीवन के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है, इसके बिना शिक्षा के बगैर मानव अधूरापन है। इस दौरान चंद्रकला, प्रधानाचार्य नीधेश थामस, थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक, उप प्रधानाचार्य रत्ना, मोनिका चोपड़ा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगाराम यादव व अन्य लोग मौजूद रहें।

# संक्षिप्त सामाचार

### युगपुरुष थे अटल बिहारी बाजपाई जी

**गोरखपुर।** पंडित त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी किसान इंटर कॉलेज आभूराम तुर्कवालिया गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपाई की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्रबंधक इंजि ए एन त्रिपाठी ने उन्हें युगपुरुष और महान राष्ट्रवादी की कहा। शिक्षक डॉ शोभित श्रीवास्तव ने कहा कि अटल जी का पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित था। पन्नेलाल गुप्ता ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्हें याद किया। मुख्य अतिथि डॉ. राजीव सिंह ने अटल जी को महान व्यक्तित्व व राष्ट्रवादी बताया और कहा कि उनका राष्ट्र के प्रति समर्पण अद्वितीय था। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक धीरेन्द्र मणि त्रिपाठी ने किया। प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 18 से

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 06007/06008 तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली)-बनारस- तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली)कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 18 एवं 25 फरवरी, 2025 दिन मंगलवार को तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली)से तथा 21 एवं 28 फरवरी, 2025 दिन शुक्रवार को बनारस से 02 फेरों के लिये किया जायेगा।

### बनारस-विशाखपट्टणम एक्सप्रेस निरस्त

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के कांसबहाल-राजगांगपुर एवं सागरा-गारपोश स्टेशनों के मध्य गर्डर लांचिंग एवं राजगांगपुर यार्ड में लाइन नं. 01, 02 एवं 03 पर पैदल उपरिगामी पुल के गर्डर लांचिंग हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण विशाखपट्टणम से 29 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 18311 विशाखपट्टणम-बनारस एक्सप्रेस एवं बनारस से 30 दिसम्बर, 2024 को चलने वाली 18312 बनारस-विशाखपट्टणम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

### गुंटूर जं.-आजमगढ़-गुंटूर जं. कुम्भ मेला विशेष गाड़ी का संचलन 24 जनवरी से

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 07701/07702 गुंटूर जं.-आजमगढ़-गुंटूर जं. कुम्भ मेला विशेष गाड़ी का संचलन 24 जनवरी, 2025 को गुंटूर जं. से तथा 26 जनवरी, 2025 को आजमगढ़ से 01 फेरे के लिये किया जायेगा। 07701 गुंटूर जं.-आजमगढ़ कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 24 जनवरी, 2025 को गुंटूर जं. से 23.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन विजयवाड़ा से 00.30 बजे, खम्मम से 02.00 बजे, वरंगल से 03.30 बजे, रामगुंडम से 12.10 बजे तथा शाहगंज से 15.35 बजे छूटकर आजमगढ़ 17.15 बजे पहुँचेगी।

### वीर बाल दिवस पर नगर भर में निकाली गई प्रभात फेरी

**बलरामपुर।** गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों की शहादत दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले के तुलसीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर वीर बाल दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया इस दौरान संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। तुलसीपुर भाजपा विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद के पुत्रों की शहादत पर प्रधानमंत्री के आह्वान यह कार्यक्रम वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

# पनियरा के लिए शासन ने डेढ़ करोड़ से अधिक धनराशि किया स्वीकृति

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महराजगंज के विकासखंड पनियरा के आवासीय भवनों के निर्माण हेतु आंकलित लागत रू0 315.95 लाख की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते। हुए प्रथम किस्त के रूप में रू 01 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसी तरह इसी विकास खण्ड के अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु आंकलित लागत रू 182.04 लाख की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किस्त के रूप में रू 50 लाख की धनराशि अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का व्यय निर्धारित समय सीमा के अंदर अनिवार्य रूप से कर लिया जाए तथा कार्य गुणवत्तापूर्ण व मानकों के अनुरूप होना चाहिए। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं इन कार्यों हेतु जारी शासनादेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं विशिष्टयों के अनुसार करायें जांय और धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# हर्सोल्लास पूर्वक मना क्रिसमस पर्व

शकुन टाइम्स संवाददाता

**आनन्दनगर/महाराजगंज।** क्रिसमस पर्व की पूर्व संध्या पर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भगवत नगर परसिया में क्रिसमस पर्व बड़े ही हर्सोल्लास से मनाया गया। बच्चों ने सांता क्लॉज के मनमोहक वस्त्र धारण कर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार गौड़ ने बताया कि क्रिसमस बच्चों को आपस मे प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देता है। प्रभु यीशु ने समाज को लालच , अज्ञानता , नफरत एवं पाखण्ड से दूर रहने का संदेश दिया। बच्चों ने अपने हाथों से क्रिसमस ट्री बनाकर उसे अच्छी तरह से सजाया एवं केक काटकर सभी बच्चों में मिष्ठान वितरण किया। सांता क्लॉज के परिधान में कृष्णा , आफान , अन्वेषा एवं नव्या आदि ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से सबका मन मोहा। इस अवसर पर



विद्यालय के शिक्षक तसनीम कौसर , मुन्नीलाल , आरती राय , प्रियंका सिंह ,प्रियम्बदा एवं करीना , काजल , सतीश , विनय , अभिषेक , नन्दनी , संजनी , शालू , दिव्या , दीपा आदि सैकड़ों छात्र छात्रायें मौजूद रहे।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान के बारे में सभी बच्चों को जानना चाहिए: विजय शंकर यादव




शकुन टाइम्स संवाददाता

**पीपीगंज/गोरखपुर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर पीपीगंज मंडल के एम वी इंटर कॉलेज हरपुर में पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय शंकर यादव ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह और उनके चारों पुत्रों द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान के के बारे में सभी लोगों को जनना चाहिए. बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 26 दिसम्बर को पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जायेगा. इसके साथ ही उन्होंने वीर बलिदानी बालकों के शौर्य गाथा के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

बच्चों को सम्बोधित करते मंडल अध्यक्ष राकेश चौधरी ने कहा कि सभी बच्चों को इन वीर बलिदानी बालकों के साहस और वीरता से प्रेरणा लेनी चाहिए. साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया.संगोष्ठी के बाद बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गयी. कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पशुपतिनाथ अग्रहरि ने किया.

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सह संयोजक अनिल अग्रहरि, विन्द्रासन चौधरी ,दिलीप पांडेय,वेद प्रकाश दूबे,सभासद राधाकृष्ण निषाद, लाल जी विश्वकर्मा, अजय पांडेय, रामकरन सिंह, बृजेश मणि त्रिपाठी, सुनील प्रजापति,पवन अग्रहरि के साथ समस्त अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित रहें।

# पात्रजनो को सरकार की योजनाओं का दिया जाए लाभ डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता

**श्रावस्ती।** जिले में "सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर" अभियान (दिनांक 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके तहत आज विकास खण्ड हरिहरपुरानी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सचिवालय हरिहरपुररानी में वृहद जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष कई फरियादी उपस्थित होकर वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांगों को सहायक उपकरण, आवास, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड, किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाये जाने से सम्बन्धित गुहार लगायी, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों को अपने स्टालों पर ले जाएं और इनका रजिस्टेऊशन करायें तथा पात्रता का सत्यापन कर इन्हें लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। उन्होन कहा कि चौपाल में उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से अछूता न रहने पाये। चौपाल में आने वाले सभी आवेदनों की जांच कर पात्रता के आधार पर उन्हें लाभान्वित किया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि चौपाल में जो भी जनता की समस्याएं/शिकायतें आयी है, उनकों सूचीबद्ध किया जाए और जिन शिकायतों का तत्काल निराकरण हो सकता है, उसे निस्तारित कर दिया जाए। ऐसी शिकायतें जिनका मौके से निस्तारित कराना सम्भव नही है, उनकी निस्तारण की कार्यवाही आज से ही प्रारम्भ कर दी जाए। चौपाल के दौरान राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, पशुपालन, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन, श्रम विभाग, विद्युत विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा कुल 275 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 191 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर / जंगल कौड़िया।** क्षेत्र के परम ज्योति इंटर कॉलेज रसूलपुर चकिया में क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर मंगलवार को रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ प्रवक्ता दीनबंधु सिंह ने ईसा मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके संदेशों को समझाया।

प्रबंध निदेशक रवि प्रताप सिंह ने बच्चों को क्रिसमस के महत्व को बताते हुए कहा कि यह एकजुटता का पर्व है।

इस दौरान बच्चों ने क्रिसमस डे से जुड़ा विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मकता और कला का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट मॉडल बनाने वाले विद्यार्थियों को



शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान पलटूराम, विष्णु सिंह, सुरेंद्र, किरन सिंह, रीना यादव, मोनिका, कविता निषाद, इंद्रावती, नीलम, शालिनी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर पलटी स्कूली बैन, 7 बच्चे घायल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बरेली।** मीरगंज क्षेत्र में मंगलवार को सुबह करीब सात बजे स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। जिसमें सवार 7 बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद आस-पास में चीख-पुकार मच गई। लोगों ने वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि बच्चों को गंभीर चोट नहीं आई है। आठ से अधिक बच्चे मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। सूचना पर पहुंचे परिजन बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया।

बताया जा रहा है कि हादसा वैन चालक की लापरवाही के कारण हुआ है। चालक तेज रफ्तार से वैन चला रहा था। रात में बारिश होने के कारण सड़क पर फिसलन थी। सिंधौली में ईंट भट्ठे के पास अचानक सामने से वाहन आ गया। वैन चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार के कारण वैन अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। वैन में 24 बच्चे सवार थे। ये सभी मीरगंज के सिंधौली स्थित पटेल एकेडमी के छात्र हैं। वैन भी एकेडमी की ही बताई गई है। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### हादसे में इन बच्चों के लगी चोट

हादसे में सात बच्चों के चोटे आईं हैं, जिसमें से नैना पुत्री सुखलाल, ओम शर्मा पुत्र शिवओम शर्मा, माही कश्यप पुत्री नितिन कश्यप, मुदुल पुत्र योगेंद्र मौर्य, रजत पुत्र मनोज मौर्य, सुरभि पुत्री धीर सिंह, आशी पुत्र नरेंद्र पाल वैन में सवार थे। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायल बच्चों को इलाज के लिए भेजने के बाद उनके परिजनों को सूचना दी।

# सपा और कांग्रेस सत्ता पाने की लालसा में लगे: केशव प्रसाद मौर्य

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बरेली।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में कहा कि कहा कि सपा और कांग्रेस सत्ता पाने की लालसा में लगे हैं। उनका ये मंसूबा सफल नहीं होगा, सपा परिवारवाद को बढ़ावा दे रही है। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर के अपमान के आरोप पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी बाबा साहब और दलितों की दुश्मन है। विधायक और सांसद की आपसी टशन की वजह से ही संभल में दंगा हुआ है।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा सपा सरकार गुंडों और माफियों की सरकार है। यह सरकार अपराधियों को संरक्षण देने का काम करती है। वहीं अखिलेश यादव पर भी तंज कसते हुए कहा कि जिसके परिवार में ही पांच-पांच सांसद हो तो ऐसी पार्टी को परिवारवाद पार्टी घोषित कर देना चाहिए। सपा सरकार उत्तर प्रदेश की जनता को बरगलाने का काम कर रही है। सपा दलित, पिछाड़ा पर अत्याचार कर रही है।

बाबा साहब के अपमान को लेकर प्रदर्शन कर रही कांग्रेस पार्टी को घेरते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बाबा साहब का अपमान कांग्रेस ने किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का संविधान सभा का सदस्य बनने के लिए पश्चिम बंगाल क्यों जाना पड़ा। बाबा साहब को भारत रत्न देने का काम कांग्रेस ने क्यों नहीं किया। उनकी अंतिम यात्रा में कांग्रेस ने हिस्सा क्यों नहीं लिया। साथ ही कांग्रेस ने बाबा साहब को चुनाव हरवा दिया। इसके साथ ही उन्होंने सपा सरकार को भी बाबा साहब का विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस दलित व बाबा साहब की दुश्मन है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनाने का सपना देख रही सपा को विधान सभा के उपचुनाव में जनता ने आइना दिखा दिया है। 9 सीटों पर हुए उप चुनाव में 7 सीटों पर भापजा का कब्जा रहा। वहीं हरियाण, महाराष्ट्र में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनी है। वहीं झारखंड में भी भाजपा को काफी बढ़त मिली है। उन्होंने कहा कि 2027 में भाजपा पूर्ण बहुतम से उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई जाएगी। भाजपा इस सुशासन दिवस के रुप में मनाएगी। इसका उद्देश है कि अटल जी के सपनों को साकार किया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने वीर बाल दिवस पर भी चर्चा करते हुए गुरु गोविंद सिंह के चारों बेटों के बलिदान को याद किया। कहा कि पिछली सरकारों ने देश के लिए बलिदान देने वालों को इतिहास छुपाकर रखा।

### 65 वें ब्रज प्रांत का किया उद्घाटन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कर 65 वां ब्रज प्रांत का अधिवेशन रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 24 से 26 दिसंबर के बीच होगा। अधिवेशन में ब्रज क्षेत्र के 16 जिलों से 950 कार्यकर्ता शामिल हुए। इसका उद्घाटन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एस बालकृष्ण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सर्किट हाउस में ये लोग रहे मौजूद

इस दौरान मेयर डा. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डा. श्याम बिहारी लाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, डीएम, एसएसपी, एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट समेत अधिकारी उपस्थित रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जफराबाद /जौनपुर।** क्षेत्र के नाथुपुर जमैथा मार्ग पर मंगलवार की दोपहर को पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके निशानदेही पर एक तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बताते हैं कि क्षेत्र के नाथुपुर गांव निवासी जितेंद्र मौर्या पुत्र लक्ष्मी मौर्या कोतवाली में एक मुकदमे गोवध के एक मुकदमे में वांछित चल रहा था। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी को मयफोर्स उक्त मार्ग पर स्थित गुड्डू यादव की आटा चक्की पर भेजा वहां पर जितेन्द्र मौर्या दिखायी पड़ा। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर दबोच लिया। पुलिस ने जब उससे कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने जमैथा गांव के अखड़ो पुल के पास रखा अपना एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद कराया। पुलिस ने उसका चालान भेज दिया।

# चोरी के पांच वाहन के साथ दो शातिर वाहन चोर व एक बाल अपचारी गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** थाना चौक पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना व सर्विलांस सेल द्वारा वाराणसी के विभिन्न थानों से चोरी गये 5 मोटरसाइकिल के साथ 2 शातिर वाहन चोर सत्यम यादव पुत्र श्रवण यादव निवासी ग्राम अमरा थाना सकलडीहा जनपद चंदौली,प्रिन्स यादव पुत्र मुन्नू यादव निवासी राघवपुर थाना जमनिया जनपद गाजीपुर व एक बाल अपचारी को देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के क्रम में पशुपतेश्वर गली थाना चौक से गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना अपना नाम क्रमशः सत्यम यादव पुत्र श्रवण यादव निवासी ग्राम अमरा थाना सकलडीहा जनपद चंदौली,प्रिन्स यादव पुत्र



मुन्नू यादव निवासी राघवपुर थाना जमनिया जनपद गाजीपुर व एक बाल अपचारी बताया तथा चोरी के सम्बन्ध में पूछने पर बताया गया कि हमलोग अपने अपने घर से बनारस आकर विभिन्न जगहों पर घूम घूम कर मोटरसाइकिल चोरी करता हुँ तथा उसको दूसरे लोगों को बेच देता हूँ और जो पैसा मिलता उससे हमलोग मौज मस्ती करते है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौक पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।बरामद एवं गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक विमल कुमार मिश्रा थाना चौक,उ0नि0 कुमार गौरव सिंह चौकी प्रभारी दालमण्डी,उ0नि0 वैभव कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी ब्रह्मनाल,उ0नि0 यशवन्त सिंह,उ0नि0 मनीष सिंह,उ0नि0 आलोक कुमार यादव,उ0नि0 शुभम शर्मा,हे0का0 जगदीश यादव, हे0 का0 चालक नारायण सिंह यादव, हे0का0 अमरेन्द्र सिंह,का0 कुँवर बहादर सिंह,का0 आलोक कुमार विक्रम,का0 आनन्द कुमार,का0 प्रशान्त तिवारी सर्विलांस सेल टीम रही।

## मध्य प्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री रविकरण साहू का हुआ आगमन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**मिर्जापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा रसूलपुर में नीरज गुप्ता के आवास पर माननीय रविकरण साहू मध्यप्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री दर्जा तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष का आगमन हुआ। इस अवसर पर स्वागत समारोह के कार्यक्रम में भाजपा के नरायनपुर मंडल अध्यक्ष डा0 विजय सिंह, लक्ष्मी नारायण गुप्ता प्रधान, जन्मेजय सिंह , संतोष गुप्ता प्रधान, शिव मूरत मौर्य पूर्व प्रधान, दिपक गुप्ता, यासीन खां, राजू गुप्ता, साहिल खां, डा0 किशन गुप्ता, राकेश गुप्ता, रिंकू सिंह, सुरेश सिंह, सुरत गुप्ता, अजय गुप्ता, विजय सोनकर, शिव प्रजापति, सतीश भारती, रामभत सोनकर, विकास गुप्ता, अनिल भारती, जी शेखर सिंह, मनोज कुमार, बिंदू गुप्ता, गौतम, शिवम, राजा बाबू, आलोक सिंह, शुभम गुप्ता लोग उपस्थित रहे।

## चुनार क्षेत्र के ग्राम सभा पुरैनी में विधायक अनुराग सिंह द्वारा कम्बल वितरण किया गया



शकुन टाइम्स संवाददाता

**मिर्ज़ापुर।** अदलहाट थाना अंतर्गत ग्राम सभा पुरैनी में कम्बल वितरण किया गया। ठंड से बचाव के लिये चुनार विधायक अनुराग सिंह पटेल द्वारा गरीबो एवं आदिवासियो में कम्बल वितरण किया । कंबल को पाकर सभी के चेहरे पर एक नई मुस्कान सी दिख रही थी, सभी ने विधायक ,प्रधान एवं विभागीय अधिकारियों को धन्यवाद कहा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, प्रधान चंद्रशेखर सिंह, चंदन चौरसिया, श्रीकांत , तौकीर नेता, लेखपाल सुनील मौर्या एवं सैकड़ो की संख्या में स्थायी लोगो द्वारा कम्बल वितरण में भाग लिया गया।

## जरूरतमंदों को द मर्सी क्लब ने बाटा कंबल

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जलालपुर/जौनपुर।** द मर्सी क्लब जलालपुर द्वारा 300 जरूरतमंदों को कंबल व 500 लोगों को भोजन कराया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के जनपद चेयरमैन डॉ आरपी विश्वकर्मा ने की। मुख्य अतिथि अपर जिला जज प्रशांत कुमार सिंह ने विधिक न्याय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत गरीब लाचार एवं आसक्त लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है, जिसके लिए उनको कोई शुल्क नहीं देना होता है और उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है। कार्यक्रम के प्रांतीय अध्यक्ष एजाज अहमद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष क्लब कंबल वितरण रोटी डे, पौधारोपण एवं स्वच्छता जागरूकता तथा चुनाव जागरूकता आदि कार्य करती रहती है। कंबल



लेने आई एक दोनों आंख से अंधी लड़की के लिए क्लब के चेयरमैन ने कहा कि उक्त बालिका के शादी के समय पर क्लब 51000 का मदद करेगी उक्त बालिका के लिए जलालपुर क्लब संरक्षक संकटा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि गुप्ता टेंट हाउस के तरफ से समस्त टेंट की व्यवस्था उक्त बालिका के शादी में निःशुल्क रहेगी जलालपुर अध्यक्ष बुलंद भारती ने कहा कि उक्त बालिका की हरसंभव मदद की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरु गोपाल सिंह, डॉ. अकील अहमद, माला सिंह, राजेंद्र प्रसाद दिलबहार, दिलबहार, मोहम्मद सलीम मास्टर, मुँगना देवी, सरिता अनीता, ऊषा, सरोजा देवी, उमेश यादव, मेनका, रतनलाल मौर्य, मिरु अहमद, विजय मौर्य, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, प्रेम बहादुर यादव, अशोक कुमार, संकटा प्रसाद गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# नवागत एसपी डॉ. कौस्तुभ ने मां शीतला चौकियां धाम में किया दर्शन

**प्रयागराज जाने से पूर्व आईपीएस डॉ. अजय पाल शर्मा ने भी मां के धाम में टेका मत्था**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** जिले के नवागत एसपी डॉ. कौस्तुभ ने मां शीतला चौकिया धाम में दोपहर में पहुंचकर माता रानी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहीं नवागत एसपी डॉ. कौस्तुभ के बाद जिले के निवर्तमान पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने भी यहां से जाने से पहले माता रानी का आशीर्वाद लिया।

गौरतलब हो कि डॉ. अजय पाल शर्मा का तबादला प्रयागराज के लिए कर दिया गया है। नवागत एसपी डॉ. कौस्तुभ इसके पूर्व अम्बेडकर में बतौर एसपी के पद पर थे। वहां पर उन्होंने इतना अच्छा कार्य किया जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। अम्बेडकरनगर के मातहतों ने उनकी भव्य विदाई की।



नवागत पुलिस कप्तान डॉ. कौस्तुभ को महंत विवेकानंद पंडा ने मातारानी जी का स्मृति चित्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर शीतला चौकियां धाम मन्दिर महंत विवेकानंद पंडा, चंद्रदेव पंडा,विकास पंडा, अरूण कुमार उर्फ टप्पू पंडा, लाइन बाजार थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, शीतला चौकियां चौकी प्रभारी निखिलेश तिवारी सहयोगी पुलिस दल के साथ मौजूद रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### मोटर साइकिल लेकर फरार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार,कब्जे से मोटर साइकिल बरामद

**वाराणसी।** थाना रोहनिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर धारा 316(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय मौर्य पुत्र स्व0 होरीलाल निवासी मौर्या बस्ती बेनीपुर थाना मिर्जामुराद को लठिया बाईपास तिराहे से औढ़े की तरफ थाना रोहनिया से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 1 मो0सा0 के साथ गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस उ0नि0 अवनीश कुमार मिश्रा,हे0का0 चन्द्रदीप मौर्या,का0 सुमन्त कुमार रावत,का0 यशवन्त यादव टीम रही।

### नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार,अपहृता बरामद

**वाराणसी।** सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व मुखबिर की सहायता से धारा 137(2),87 से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता को बरामद करते हुए वांछित अभियुक्त सचिन निषाद पुत्र खरपत्तु निषाद निवासी सदात बिन्दुली नवाबाद थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को ग्राम चन्दापुर हाइवे पर थाना चोलापुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सचिन निषाद ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं अपहृता से प्यार करता हूँ और मैं अपहृता से करीब तीन महीने से फोन पर बात करता था।मैं उससे शादी करना चाहता था इसलिए जब अपहृता स्कूल गयी तो मैं उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ मुम्बई शादी करने के लिए ले जा रहा था लेकिन रास्ते में वह रोने लगी तो मैं अपहृता को वापस घर छोड़ने के लिए आ रहा था।गिरफ्तार करने वाली पुलिस उ0नि0 सैय्यद महफूज आलम,हे0का0 लवकुश कुमार,म0का0 वैशाली यादव टीम रही।

### नंदोत्सव पर झूमे भक्त, 56 भोग की झांकी सजी

**वाराणसी।** नुआंव स्थित उर्मिला उपवन में मंगलवार को ऋषि आश्रम सेवा समिति की तरफ से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में नंदोत्सव, गोवर्धन लीला एवं छप्पन भोग की झांकी सजी।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का 25 वा स्थापना दिवस मनाया गया

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लोकार्पण रामपुर से खेमापुर किया गया**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**रामपुर /जौनपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का 25 वां स्थापना दिवस बंसीलाल इंटर कॉलेज पर मनाया गया और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लोकार्पण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज मड़ियाहु विधायक डॉक्टर आरके पटेल एमएलसी बृजेश सिंह प्रिन्सू कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंन्सु ने किया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बारे में मड़ियाहु विधायक डाक्टर आर के पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का यह योजना ग्रामीण में हर घर हर क्षेत्र में सड़क पहुंचे यह योजना बहुत ही सराहनी और अच्छा और अपने विधानसभा में आए हुए



व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंन्सु ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना यह जो है।

योजना बहुत ही अच्छा योजना है जिससे हर ग्रामीण चलो में सड़क पहुंच रही है जिससे लोगों को काफी सुविधाजनक हो रहा है मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज ने भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बारे में भी आए हुए लोगों को जानकारी दिया रामपुर नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल ने कहा कि यह सड़क काफी दिनों से बहुत ही खराब स्थिति थी इस पर चलना बहुत ही दुर्लभ कार्य था और इस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बने जाने पर लोगों को क्षेत्र वासियों को काफी सुविधा मिलेगी रामपुर चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल ने आए हुए व्यक्तियों का आभार व्यक्ति किया मुख्य रूप से उपस्थित रहे श्यामधर मिश्रा सभासद राजेंद्र जायसवाल सभासद इरफान अंसारी सभासद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता विपिन दुबे रमेश दुबे संचालन प्रवीण मिश्रा ने किया आनंद जयसवाल मनीष शुक्ला अमित चौरसिया रिंकू दुबे तथा क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे एक्सियन नीरज कुमार सहायक अभियंता अरुन कुमार राय अवर अभियंता राजकुमार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के रहे और के जेई चंदन यादव एक्सीयन नीरज कुमार ने आए हुए व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दिव्य कला समागम में आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं व दिव्य कवि सम्मेलन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** प्रभु श्री राम के पावन नगरी अयोध्या में दिव्यांगजनों को मंच प्रदान करने, स्वावलंबन व आत्मविश्वास हेतु नई सुबह वाराणसी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग व जिला प्रशासन, अयोध्या तथा का सु साकेत पीजी कॉलेज, अयोध्या के कि संयुक्त तत्वाधान में चल रही तीन दिवसीय दिव्य कला समागम के दूसरे दिन दिव्यांगजनों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं व दिव्य कवि सम्मेलन में अपने प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से बचपन डे केयर सेंटर अयोध्या, लोक जागृति संस्थान अंबेडकर नगर, मनोजागृति स्पेशल स्कूल वाराणसी, वाणी विकलांग सेवा संस्थान, सोशल इनफॉर्मेटिव सोशल हार्मनी अकैडमी, जन चेतना संस्थान, ग्रामोदय विकास संस्थान, अखिल भारतीय विकलांग कल्याण समिति अयोध्या के दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग छात्राओं ने अपने शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया। दिव्यांग विद्यार्थियों, नई सुबह संस्था व का सु साकेत पीजी कालेज के छात्रों ने भगवान राम कृष्ण के भक्ति गीतों से लोगों को सराबोर किया तथा विभिन्न गानों पर एकल एवं सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन कर लोगों से खूब प्रशंसा प्राप्त किया।100 मीटर दौड़ में बचपन डे केयर अयोध्या के रोहन यादव प्रथम जान्हवी व्दितीय व शिवा तृतीय स्थान पर विजयी रहे। दूसरे दौड़ प्रतियोगिता अखिल भारतीय विकलांग कल्याण समिति अयोध्या के पीयूष मिश्रा प्रथम, आदित्य गुप्ता व्दितीय एवं जितेंद्र सोनी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जूडो कलस्टर में 11 जोन के खिलाड़ी जुटेंगे

**वाराणसी।** भुल्लनपुर स्थित 34वीं वाहिनी पीएसी में 25 दिसंबर से उत्तर प्रदेश पुलिस की 49वीं वार्षिक जूडो क्लस्टर (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता होगी। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 11 जोन के 723 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें जूडो, बुशु, ताइक्वांडो और कराटे प्रतियोगिता होगी। आयोजन सचिव और 34वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक पंकज कुमार पांडेय सुबह आठ बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगिता में का समापन 29 दिसंबर को होगा। इसमें मुख्य अतिथि पूर्वी जोन प्रयागराज के प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राजीव नारायण मिश्र होंगे। सेनानायक ने बताया कि गोरखपुर जोन से सबसे अधिक 100 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। इसमें महिला खिलाड़ियों की संख्या 36 और पुरुष खिलाड़ियों की संख्या 64 है। मेरठ जोन से 96, प्रयागराज जोन से 70, लखनऊ जोन से 57 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# जनसुनवाई में एसपी ने 29 की सुनी फरियाद, दिया आवश्यक निर्देश

- बोले एसपी जनता की समस्याओं को प्रथम प्राथमिकता के आधार पर करे निस्तारण
- लोगो से प्राप्त प्रत्येक प्रार्थनापत्रों के सम्बन्ध में एसपी ने स्वयं थानाप्रभारियों से वार्ता कर दिए निर्देश

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चन्दौली।** जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं जाने के क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्ता के साथ



निस्तारित करना व न्याय दिलाना ही चन्दौली पुलिस की प्राथमिकता है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदक की शिकायत का निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई के दौरान आने वाले फरियादियों के साथ शिष्ट एवं विनम्र व्यवहार किया जाए व प्रत्येक आवेदक की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनकर गुण दोष के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा भूमि विवाद से संबंधित सात, पारिवारिक विवाद से संबंधित एक, साइबर क्राइम से संबंधित एक और वाद-विवाद से संबंधित 20 कुल 29 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुएं। जिनके निस्तारण के लिएं पुलिस अधीक्षक ने तत्काल सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया।

## परिश्रम और स्थिरता से ही औद्योगिक जगत में पहचानः हाजी कमरुद्दीन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग के बी.बी.ए. के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण के तहत छात्रों ने हापुड़ स्थित सर्वकोन सिस्टम्स लिमिटेड के उत्पादन इकाई एवं नोएडा स्थित कंपनी का कॉर्पोरेट कार्यालय का भ्रमण किया कंपनी अनेक प्रकार की बिजली की उपकरण उत्पादन करती है द्य इनमे औद्योगिक एवं घरेलु स्टाबिलीज़र, ट्रांसफार्मर, सोलर पैनल, यू.पी.एस आदि शामिल है। कंपनी के प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन ने छात्रों को कंपनी के उत्पाद को उत्कृष्ठ बनाने की कई महत्वपूर्ण जानकारी दी द्य कहा कि कड़ी परिश्रम एवं स्थिरता से ही औद्योगिक जगत में कम्पनियां अपनी पहचान कायम कर सकती है द्य उन्होंने छात्रों से आह्वान किया की कठिन परिस्थियों में भी अपने मेहनत और लगन से वे अपना कार्य कौशल का छाप छोड़ सकते है द्य उन्होंने प्रबंध छात्रों को कुशल उद्यामी बनने का भी सलाह दी। इससे पहले हापुड़ स्थित कंपनी की उत्पादन इकाई में कंपनी के निदेशक (उत्पाद ), मोहम्मद सादिक़, ने बिजली के उपकरण के उत्पादन और सेवाओं के निर्माण में व्यावसायिक संगठन और प्रबंधन अवधारणाओं को लागू करने के बारे में विस्तार से बताया गुणवत्ता प्रमुख वैभव मिश्रा, ने उत्पादन का गुणवत्ता बढ़ाने में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन, जस्ट इन टाइम,सूची प्रबंधन, कैजेन,बेंचमार्किंग आदि तकनीक का प्रासंगिकता पर विशेष प्रकाश डाला द्य उत्पादन प्रमुख जगमोहन तोमर ने उत्पादन एवं विप्पनन के अनेक प्रक्रिया पर जानकारी साझा किया द्य कंपनी के मानव संसाधन प्रबंधक खुशबू ज़ैदी एवं जन संपर्क अधिकारी अख़लाक़ ने छात्रों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी व्यवसाय प्रबंध विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने कहा कि सिद्धांतिक शिक्षा को ऐसे इकाई की भ्रमण से प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ावा मिलता हैं। उन्होने प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. विशाल कुमार सिंह, समरीन ताबसूम एवं बी.बी.ए के छात्र उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय अंतर्जनपदीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

## कई जनपदों से आये 130 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियाँ/चंदौली।** चहनियां स्थित मां खंडवारी देवी इंटर कालेज में मंगलवार को कोच डा0 अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मां भगवन्ती देवी स्मरणीय दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मां खंडवारी ग्रुप आफ कालेज के संस्थाक प्रबंधक डा0राजेन्द्र प्रताप सिंह व बलुआ बाल्मीकि इंटर कालेज के



प्रधानाचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर व भगवन्ती देवी के तैल चित्र पर दी प्रज्वलित अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों को मां खंडवारी देवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा0आशुतोष कुमार सिंह ने अंगवस्त्रम व बैग देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में वाराणसी, गाजीपुर ,चंदौली,मऊ सहित कई जनपद के कुल 130 किलड़ियो ने प्रतिभाग किया। ओपनिंग गाजीपुर व चंदौली की टीम ने शुरू किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में बच्चो द्वारा शानदार प्रदर्शन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि डा0राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है। इसी विद्यालय से सैकड़ो छात्र छात्राओं ने खेलकूद के माध्यम से कैरियर बनाया है। इस विद्यालय को आगे ले जाने वाली भगवन्ती देवी ऐसे छात्र-छात्राओं के प्रेरणा थी। विशिष्ठ अतिथि प्रधानाचार्य वीरेंद्र प्रताप तिवारी ने कहा कि हर खिलाड़ी के अंदर कोई न कोई प्रतिभा होती है वो प्रतिभा ऐसे ही खेलो में दिखती है। इस दौरान प्रबंध निदेशक डा0आशुतोष कुमार सिंह, पूर्व प्रधान सरिद्दार यादव, उधोग व्यापार मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप यादव,गोपाल गुप्ता,आनन्द सिंह, योगेंद्र मिश्रा,राजेन्द्र पांडेय, सुशील पांडेय, डा. प्रतीक्षा राय,एसआई जैनुद्दीन श्रीनारायन सिंह,,शिवकुमार सिंह,जाहिदा बेगम ,रमेश यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनियाँ/चंदौली।** चहानियाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में मंगलवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेंले का उद्घाटन डिप्टी सीएमओ डॉक्टर जेपी गुप्ता ने पिता काटकर किया। मेले में 135 मरीजों का जांच कर दवा वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए डिप्टी सीएमओ जेपी गुप्ता ने कहा कि मानसिक रोग चिंता उलझन, अवसाद, तनाव महसूस होना, घबराहट किसी काम में मन ना लगना एक ही काम को बार-बार करना एक ही विचार का बार-बार आना विचारों को रोकने पर बेचैनी होना वृद्धावस्था में याददाश्त की कमी होना चीजों को याद ना रख पाना रखकर भूल जाना एक ही समय में कभी हंसने का मन कभी रोने का मन करना ऐसे लक्षणों के प्रतीक होने पर मानसिक रोग विभाग चिकित्सालय में संपर्क कर इलाज के बारे में जानकारी प्राप्त करें। चहानिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रितेश कुमार ने कहा कि नशे कि से होने वाली समस्याएं जैसे शराब गांजा भांग सिगरेट तंबाकू अफीम स्कैम इत्यादि नशा न मिलने पर कब-कब होना भूख न लगना अनिद्रा चिड़चिड़ापन गुस्सा गाली गलोज करना, मिर्गी से ग्रसित शरीर में अकड़न होना झटका के समय वोट या जुबान का कट जाना मल मूत्र निकल जाना इस प्रकार के किसी भी लक्षण के ग्रसित व्यक्ति को मानसिक रोग की समस्या हो सकती है इन्हें छुपाए नहीं इसका इलाज काराये इलाज करने से इन सभी बीमारियों को ठीक किया जा सकता है।

इस दौरान मेले में डा0 रितेश सिंह, डा 0अवधेश कुमार,डा0 शिशिर मिश्रा, डा0 अंतिम यादव, फार्मासिस्ट मुकेश सिंह, बीपीएम आर रोशन, सत्यम सिंह, प्रिंस सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### विद्युत विभाग के द्वारा कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को दिया जा रहा छूट

**गाज़ीपुर।** विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत सोमवार को स्टेशन बाजार नगर पालिका उपकार्यालय में विद्युत विभाग द्वारा ओटीएस कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को दिया गया छूट का लाभ। जेई इंद्रजीत पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में उपभोक्ताओं को योजना के लाभ और नियमों की जानकारी दी गई। जिसमें 3 बिल का रिवीजन किया गया और 46 रजिस्ट्रेशन भी किया गया जिसमें 4 लाख पैसठ हजार 612 रुपया राजस्व जमा कराया गया उक्त मौके पर अवर अभियंता इंद्रजीत पटेल मीटर रीडर रजनीकांत तिवारी बंटी, पंकज खरवार लाइनमैन मुन्ना गोपाल चौबे , हीरा अशोक पाल सीएचएस सेंटर के संचालक चंद्रप्रकाश मनीष कुमार अखिलेश मौर्या उपस्थित रहे

### सड़क हादसे में युवक की मौत,परिजनों में मचा कोहराम

**चहनियां/चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के हसनपुर मारूफपुर गांव के सामने मुख्य सड़क पर सोमवार की देर रात को हुयी दुर्घटना में मझीलेपुर निवासी 38 वर्षीय बीनीत यादव की मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बलुआ पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गयी। मझीलेपुर निवासिनी पूर्व शिक्षिका द्रौपदी यादव के दो पुत्रो में छोटा पुत्र बीनीत यादव सैदपुर गाज़ीपुर में प्राइवेट नौकरी करता था। प्रतिदिन वह सुबह घर से सैदपुर जाता था।

और देर रात को घर वापस लौटता था। सोमवार की देर रात को जब सैदपुर से जब वह अपने घर मझीलेपुर वापस आ रहा था कि हसनपुर मारूफपुर गांव के सामने निर्माणाधीन मुख्य सड़क पर हादसे का शिकार हो गया। कुछ देर बाद राहगीरों द्वारा पुलिस को सुचना दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कराते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु अपने कब्जे में ले लिया। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी मारूफपुर अश्वनी राय ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चलेगा । वहीं मृतक की माता द्रौपदी यादव, पत्नी सुवीणा यादव, पुत्रियों आंकांक्षा व मीठी का रो रोकर बुरा हाल रहा।

### बदले मौसम में फसलों पर करें सल्फर का छिड़काव

**भदोही।** कालीन नगरी में कम बरसात के बाद भी ठंड की आमद भी जबरदस्त हुई है। ऐसे में खरीफ में हुए नुकसान की भरपाई की रबी फसलों से बेहतर मुनाफे से किसान आस लगाए बैठे हैं। हालांकि गत दिनों चली पछुआ बयार के कारण सुबह और शाम पाले का असर देखा गया था। जो आलू, सरसों और कुछ सब्जियों के लिए नुकसानदेय है। इसको लेकर अन्नदाताओं को सतर्क रहना होगा। कृषि मौसम विशेषज्ञ सर्वेश कुमार बरनवाल ने बताया कि अच्छी ठंड गेहूं समेत सभी रबी फसलों के लिए जरुरी होती है। लेकिन कई दिनों तक कोहरा व पाला पड़ने पर नुकसान हो सकता है। इस साल अभी तक कोहरे की जबरदस्त आमद नहीं हुई है। लेकिन पाला हल्का फुल्का सुबह व शाम को देखा जा रहा है। पड़ाहों पर बर्फबारी के कारण ऐसी स्थितियां बनी हैं। आलू व सरसों, मटर फसल के साथ ही सब्जी की निगरानी सुबह व शाम को किसानों से करने की बात कही। ऐसे करने से रोगों के लक्षण का त्वरित पता चल पाएगा। कहा कि पाला से आलू की पत्ती में धब्बे लगने के साथ ही वह सूखने लगते हैं।

इतना ही सरसों में माहो का खतरा अधिक हो जाता है। जिससे दाना नहीं पड़ता और उत्पादन प्रभावित हो जाएगा। कहा कि पाले का असर आलू में नजर आने पर काबेडाजिम दवा, डाइथेनेम-45, कापर आक्सीक्लोराइड में से कोई एक दवा ढ़ाई ग्राम व कीटनाशक से बचाव को मोनोक्रोटोफास या रोगार दवा ढ़ाई मिली प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। इतना ही नहीं, फसलों पर सल्फर का छिड़काव भी लाभकारी होगा। इसी तरह सरसों को माहों से बचाव के लिए एजाडिरैक्टिन 0.15 प्रतिशत दवा या फिर डाईमेथोएट 30 फीसदी दवा को पानी में घोल बनाकर छिड़काव किया जा सकता है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुददो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

# मिशन शक्ति अभियान फेज- 5 के तहत छात्राओं को किया जागरूक



शकुन टाइम्स संवाददाता

**धानापुर।** महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत महिला पुलिस ने कस्बा स्थित अमर वीर इंटर कॉलेज में छात्राओं को जागरुक कर महिला हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। मंगलवार को महिला सशक्तिकरण में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 में निधि सिंह और मंजू महिला कांस्टेबल द्वारा महिलाओं के साथ बैठक की गयी। जिसमे महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम व आत्मनिर्भर बनने हेतु चलाए जा रहे मिशन नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन के दृष्टिगत सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी है। इसके अलावा एंटी रोमियो स्क्वायड, महिला हेल्प डेस्क, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर यूपी 112, वूमेन पावर 1090, 181, 1930, 1076, 108 व साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन उत्तर प्रदेश आदि जानकारियां देकर जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यालय को छात्र-छात्राओं के साथ अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रही।

# पत्रकारों पर दर्ज मुकदमे के विरोध में सैदपुर तहसील में पत्रकारों ने सौपा पत्रक

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सैदपुर।** मऊ जनपद में शिक्षिका के द्वारा 6 पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने के विरोध में महा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष पवन मिश्रा की अध्यक्षता में एक पत्रक सैदपुर तहसीलदार देवेंद्र यादव को सौपा गया जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित था। पत्रकार पवन मिश्रा ने बताया कि मऊ जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचार की पोल खोलने से बौखलाई शिक्षिका के साथ ही शिक्षा विभाग और खुद बेसिक शिक्षा अधिकारी इतने भयभीत हो गए कि वह अपनी बचाव में पत्रकारों तक पर मुकदमा दर्ज कर दिया जबकि हकीकत यह है कि शिक्षा का रागिनी



मिश्रा नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित नहीं रहती। और महीने में मात्र एक या दो दिन उपस्थित दर्ज कराकर शेष दिनों की उपस्थिति रजिस्टर में मनमानी ढंग से बना देती थी इसके अलावा बिना किसी विभाग की अनुमति के प्रदेश और देश के बाद भ्रमण करती और प्रवचन का कार्यक्रम करती रहती थी। मऊ जनपद के इन पत्रकारों ने जब विभाग के इस पोल को खोल दिया तो पूरा शिक्षा विभाग पत्रकारों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया लेकिन पत्रकार भी अब ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों से दो-दो हाथ करने के लिए तैयार हैं क्योंकि यह स्थिति न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर हमला है बल्कि भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का भी प्रतीक है ऐसे में पत्रकारों पर दर्ज मुकदमे ने समाज में गहरी नाराजगी पैदा किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले का जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से करवा कर फर्जी मुकदमे को तत्काल प्रभाव से समाप्त कराया जाए साथ ही सहायक अध्यापिका के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किया जाए। पत्रक देने वालों में शुभम मोदनवाल, संदीप कश्यप, ओमप्रकाश, आशीष, शिवम यादव, पारस कुशवाहा, आशुतोष पांडे, आकाश पांडे, मो.इसरार सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# बंजर की जमीन पर अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील के बालापुर गांव में बंजर की जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमण को तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटाया। राजस्व निरीक्षक चितरंजन चौहान ने बताया कि मौजा बालापुर में स्थित आराजी नंबर 312 रकबा 0.433 हे. सरकारी अभिलेख में बंजर भूमि के नाम दर्ज है। शिकायत पर बंजर की जमीन का सीमांकन किया गया था और अवैध अतिक्रमण किये लोगों को नोटिस भी दी गई थी। बंजर भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर गांव के ही अजय कुमार पांडेय ने किया था।

जिसपर तहसील प्रशासन ने सख्त रूप अपनाते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में अवैधतिक्रमण को हटा दिया। अवैध अतिक्रमण करने वालों में अमरनाथ पांडेय की बाउंड्री वॉल, अजय कुमार पांडेय के करकट वगैरह, गोपाल यादव का पक्का शौचालय शामिल था। राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम के गांव पहुंचते ही अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार विपिन कुमार चौरसिया ने बताया की बंजर की भूमि से अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर हटाया गया है और अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई। बुलडोजर की कार्रवाई से पूरे गांव में हलचल मच गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार विपिन कुमार चौरसिया, राजस्व निरीक्षक चितरंजन चौहान, क्षेत्रीय लेखपाल विनोद यादव एवं पुलिस की टीम मौजूद रही।

### 16 उपभोक्ताओं का कटा कनेक्शन, दो पर मुकदमा

**धानापुर।** क्षेत्र के हिंगुतरगढ़ रीठिया पर मंगलवार को विद्युत विभाग द्वारा शिविर लगाया गया। जिसमें लोगों को जागरूक करते हुए ओटीएस की जानकारी दी गई। शिविर में 01 लाख 31 हजार रुपए की बकाया वसूली की गई। वहीं बिल बकाया होने पर 16 उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई। इस दौरान दो लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिस बाबत अवर अभियंता घनश्याम प्रसाद ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा बिजली काटी



जाने के बाद किसी प्राइवेट व्यक्ति के द्वारा बिजली जुड़वा दी जा रही है, ऐसे लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शिविर में मुख्य रूप से रोहित कुमार, उमेश पाल, शैलेन्द्र सिंह, सुदामा, मुन्ना आदि लोग उपस्थित रहे।

# कर्तव्य के प्रति लापरवाह शिक्षक सस्पेंड

शकुन टाइम्स संवाददाता

- गिरी गाज
- धरांव इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक ने की कार्रवाई
- महापुरुषों के प्रति अपमान जनक टिप्पणी करने का भी है आरोप

**धानापुर।** क्षेत्र के धरांव गांव स्थित इंटरमीडिएट कॉलेज की प्रबंध समिति के अनुमोदन पर प्रबंधक अवनीश कुमार पांडेय ने शिक्षक नियमावली के विपरीत आचरण करने तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाह दिखे शिक्षक मो अतीक को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया।इस कार्रवाई के बाद से कालेज में हड़कंप मच गया है। धरांव इंटरमीडिएट कॉलेज में गणित के प्रवक्ता पद पर कार्यरत शिक्षक मो अतीक पर आरोप है कि वे स्वाधीनता संग्राम सेनानियों एवं अन्य महापुरुषों का हमेशा अपमान करते हैं, और कॉलेज में शैक्षणिक माहौल को खराब करते हैं। बार बार के हस्तक्षेप के बाद भी अनुशासन हीनता करना उनकी नियति बन गई है। उनका यह सब आचरण अध्यापक परिनियमावली के विरुद्ध है।6 दिसंबर को स्वयं प्रबंधक के औचक निरीक्षण में भी उक्त शिकायतें पुष्ट हुईं। 7 दिसंबर को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। जिसपर 18 दिसम्बर को उन्होंने स्पष्टीकरण तो दिया किंतु प्रबंध समिति को संतुष्ट नहीं कर पाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए कालेज प्रबंध समिति ने 21 दिसंबर को बैठक कर गहन विचार विमर्श किया।

# 28 दिसंबर से दो दिवसीय खंड स्तरीय खेल-कूद स्पर्धा का होगा आयोजन

**प्रमुख अजय सिंह ने क्षेत्रीय युवाओ से किया आग्रह, अधिक संख्या में करे प्रतिभाग**

**बोले ऐसे प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निखरती है प्रतिभा**

शकुन टाइम्स संवाददाता




**धानापुर।** क्षेत्र के खिलाड़ियों में खेल के प्रति रूचि, जागरूकता, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं मानसिक विकास हेतु युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वधान में वित्तीय वर्ष 2024- 25 में उ.प्र. ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत खण्ड स्तर पर धानापुर में ग्रामीण खेलकूद विधा- एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वालीबाल, फुटबाल, जुडो, बैडमिन्टन, भारोत्तोलन (सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग) में प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक आगामी दिनांक 28 दिसंबर 2024 व 29 दिसंबर 2024 को कस्बा स्थित अमरवीर इण्टर कालेज के खेल मैदान में बालक व बालिका वर्ग में खेला जाएंगा। विदित हो कि प्रतियोगिता में अंडर-16 आयु वर्ग के बालक व बालिका सब-जूनियर वर्ग में, 16-20 आयु वर्ग के बालक व बालिका जुनियर वर्ग में तथा 20 वर्ष से अधिक आयु वाले बालक व बालिका सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी धानापुर विकास खंड के मूल निवासी होने चाहिए। वहीं आयोजित खेल विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी खिलाड़ी को प्रमाण पत्र प्रदान कर जिला स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाएंगा। जिसकी जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि धानापुर के इच्छुक खिलाड़ी जो उपयुक्त विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहते है। वो दिनांक 27 दिसंबर 2024 तक अपना रजिस्ट्रेशन राजन कुमार यादव (क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मो.नं - 6306490143) से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में जल्द से जल्द करा ले। वहीं प्रमुख अजय सिंह ने क्षेत्रीय युवाओं से आग्रह करते हुए कहां की खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में अधिक संख्या में प्रतिभाग करे। ऐसा अवसर आपके हुनर को निखारता है।

# राजस्व वसूली को लेकर विभिन्न अधिकारियों संग डीएम ने की बैठक, दिए कड़े निर्देश

**कम राजस्व वसूली वाले विभागों पर नाराज हुए जिलाधिकारी**

**बोले शासन की मंशा के अनुरूप कर-करेत्तर राजस्व वसूली के कार्य में लाये तेजी**

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की। बैठक में मानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिए गए। बैठक में बताया कि वाणिज्य (जीएसटी) कर विभाग, आबकारी विभाग, स्टांप रजिस्ट्रेशन, परिवहन विभाग, मण्डी का लक्ष्य के अनुसार कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यों में तेजी लाकर शत प्रतिशत वसूली में वृद्धि लाएं। इस दौरान उन्होंने कहा कि लक्ष्य को पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय की जाएंगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व वसूली व प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर (जीएसटी) विभाग की समीक्षा की तो यह तथ्य संज्ञान में आया कि वाणिज्य कर विभाग द्वारा प्रवर्तन की कार्यवाही व राजस्व वसूली में शिथिलता बरती जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर अधिकारी को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रवर्तन की कार्यवाही में खानापूर्ति का कार्य न करें, जिम्मेदारी के साथ प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध मदिरा के बिक्री पर प्रतिबन्ध और दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही सुनिश्चित करे और शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए, किसी भी हाल में आम जनता के साथ अन्याय न होने पाए। भूमि सम्बन्धित विवादों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 सुरेन्द्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, एआरटीओ, आबकारी अधिकारी, खान अधिकारी, अधिशासी अभियंता चंद्रप्रभा, चकबंदी विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आंबेडकर के कथित अपमान के खिलाफ बसपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

# अमित शाह के इस्तीफे की मांग की

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीम राव आंबेडकर के संबंध में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया और उनके पद से इस्तीफे की मांग की। बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को शएक्सश् पर कहा था कि केंद्रीय गृहमंत्री की टिप्पणी के संदर्भ में उनकी पार्टी मंगलवार को देशभर के जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने इसे सफल बनाने की सर्व समाज से अपील भी की थी। बसपा प्रमुख के आह्वान पर उप्र के जिला मुख्यालयों पर मंगलवार को बसपा कार्यकर्ताओं ने शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उप्र की



राजधानी लखनऊ सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किये। यहां हजरतगंज इलाके में आंबेडकर की प्रतिमा के सामने बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और शाह के इस्तीफे की मांग की। नीले झंडे के साथ हाथों में तख्तियां लिये बसपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि शाह माफी मांगें या इस्तीफा दें। उनकी तख्तियों पर आंबेडकर के सम्मान में, बसपा मैदान में और गृहमंत्री अमित शाह, इस्तीफा दें जैसे नारे लिखे थे। बसपा के लखनऊ जोन के पूर्व संयोजक सजीवन लाल ने कहा कि यह विरोध-प्रदर्शन गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिए गए उस बयान के जवाब में मायावती के आह्वान पर आयोजित किया गया है, जिसमें बाबासाहब का अपमान किया गया है। लाल ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''हम अमित शाह के खिलाफकार्रवाई और उनके इस्तीफे की मांग को लेकर यह प्रदर्शन कर रहे हैं।'' उन्होंने प्रशासन पर कार्यकर्ताओं को विरोध-प्रदर्शन से रोकने का आरोप लगाते हुए कहा, ''हम जहां भी हैं, अपना विरोध जारी रखेंगे। हम शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे और लखनऊ के जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। बसपा नेताओं का कहना है कि इस ज्ञापन के जरिये वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अपील करेंगे कि गृहमंत्री को मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त किया जाए।

## सीएचसी सरेनी में ली गई घूस का मामला पहुंचा जिलाधिकारी कार्यालय

**पीड़ित ने बताया अभी तक घूसखोर कर्मचारियों पर नहीं हुई कार्यवाई**



शकुन टाइम्स संवाददाता

**रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी में मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिलाने के लिए बीपीएम साधना सिंह द्वारा एएनएम सीता के जरिए ?300 ऑनलाइन घूस लिए गए थे। रुपए देने के बाद भी जब पीड़ित को योजना का लाभ नहीं मिला तो पीड़ित ने जानकारी की तो पता चला इस योजना में कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क ही नहीं पड़ता है । घूसखोर कर्मचारियों के खिलाफ पीड़ित ने जब मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की तो उस पर भी कोई सही कार्यवाही नहीं की गई । जिस पर पीड़ित द्वारा जिलाधिकारी रायबरेली को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने को कहा गया।

## संक्षिप्त सामाचार

### लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में बारिश और बदली से ठिठुरन बढ़ी

**लखनऊ।** पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फवारी के बीच राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में बारिश की फुहारों से ठंड बढ़ गयी है। पिछले एक सप्ताह से उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य जिलों का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा था मगर सोमवार रात से बर्फीला हवाओं ने लोगों को सर से पांव तक गर्म कपड़ों में ढकने को विवश कर दिया था। देर रात हुयी हल्की वर्षा का दौर लखनऊ, कानपुर,उन्नाव,बाराबंकी समेत कई जिलों में जारी रहा। आज सुबह बादलों से ढके आसमान और बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने हालांकि पहले ही 23 से 26 दिसंबर के बीच बारिश और तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया था।

### शांति और प्रेम का संदेश देता है ईसा मसीह का जन्मदिनः जयवीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह क्रिसमस दिवस पर प्रदेशवासियों खासतौर से ईसाई भाई बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रभु ईसा मसीह का जन्म 25 दिसम्बर को हुआ था। इस उपलक्ष्य में ईसाई समुदाय के लोग पूरी दुनिया में क्रिसमस दिवस मनाते हैं।क्रिसमस दिवस की पूर्व संध्या पर जारी एक संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि पवित्र बाइबिल के अनुसार ऐसा माना जाता है कि प्रभु ईसा मसीह का जन्म मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने, दया, प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए हुआ था। क्रिसमस दिवस पर क्रिसमस-ट्री सजाने की परम्परा है, जो इसे खास बनाती है।

### बुजुर्ग महिला का शव मिला, अकेले रहकर घरों में खाना बनाने का करती थीं काम

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई कोतवाली के हैवत मऊ मवैया में किराए के मकान में रहने वाली वृद्धा का शव उसी के कमरे की फर्श पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक वंदना चटर्जी (64) मूलरूप से लखनऊ के जुगाली नारायणपुर लक्ष्मणपुरी ब्रह्मपुरी कॉलोनी की रहने वाली थीं। वर्तमान में वो किराए के मकान में रहकर लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती थीं। पुलिस के मुताबिक मृतका ने विवाह नहीं किया था वो किराए के मकान में अकेली ही रहती थीं। सोमवार की रात वो अपने कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर सोई हुई थी। पड़ोसियों ने सुबह देखा तो वो जमीन पर पड़ी हुई थीं।

### सर्राफा व्यापारियों ने रक्षामंत्री से मुलाकात की, शिव जयंती कार्यक्रम में आमंत्रित किया

**लखनऊ।** सर्राफा समाज के लोगों ने भारत सरकार के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति भेंट की। सर्राफा व्यापार सभा के अध्यक्ष उमेश पाटिल ने राजनाथ सिंह को 19 फरवरी को होने वाले शिव जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया।सर्राफा व्यापार संघ के अध्यक्ष उमेश पाटिल ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज के पदचिन्हों पर चलने वाले और उन्हें अपना आदर्श मानने वाले राजनाथ सिंह का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य सर्राफा समाज को मिला है। यह मुलाकात समाज के लिए गर्व का विषय है।

## एलुमनी वीक का आयोजन, भूतपूर्व छात्रों ने 145 रनों से शानदार जीत दर्ज की

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ में कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज में एलुमनी वीक के छठे दिन क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि रीजनल पीएफ कमिश्नर नवीन कुमार कनौजिया को कॉलेज प्रबंधक मनीषवर्धन सिंह ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजा आनंद सिंह, ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन के अध्यक्ष, कुँ मनीषवर्धन सिंह सहित कॉलेज की प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य और पूर्व शिक्षक मौजूद रहे। मैच की शुरुआत ध्यानपाल सिंह ने सिक्का उछालकर और पहली गेंद फेंककर की। उन्होंने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए खेल भावना को प्रोत्साहित किया। भूतपूर्व छात्रों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 200 रन बनाए। संदीप चौहान और डॉ. टिक्कू ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जवाब में वर्तमान छात्रों की टीम 10 ओवर में सिर्फ 55 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह भूतपूर्व छात्रों ने 145 रनों से शानदार जीत दर्ज की। भूतपूर्व छात्रों की ओर से संदीप चौहान ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए और मैन ऑफद मैच बने। वर्तमान छात्रों ने भी अपनी तरफसे बेहतर प्रदर्शन किया।

भूतपूर्व छात्रों की टीम में डॉ. असीम टिक्कू (कप्तान), रवी कपूर, अरुण टंडन, संदीप चौहान सहित अन्य खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वर्तमान छात्रों की टीम में मो. अरहम (कप्तान), फरहज खान, साद सिद्दीकी और सरफराज आदि शामिल थे। मैच के बाद डॉ. संगीता चौहान, हेड मिस्ट्रेस ने सभी का धन्यवाद किया। मेहमानों को दोपहर भोज के लिए अंजुमन हाउस में आमंत्रित किया।

### मुख्यमंत्री आवास पर तैनात इंस्पेक्टर की हुई मौत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा में तैनात इंस्पेक्टर अखिलेश उमराव सोमवार देर रात सीएम आवास पर ड्यूटी के दौरान अचानक गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अखिलेश उमराव फतेहपुर जिले में बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर गांव के रहने वाले थे। इंस्पेक्टर की मौत की जानकारी जब परिजनों को मिली को कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि 50 वर्षीय अखिलेश उमराव को किसी प्रकार की कोई बीमारी नहीं थी। ड्यूटी के समय वह खड़े होकर अपने सहयोगी सुरक्षा कर्मियों के साथ बात कर रहे थे कि तभी अचानक से वह गिर पड़े। सुरक्षा कर्मियों ने ही उन्हें अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित करने के बाद अखिलेश उमराव के शव को उनके पैतृक आवास ले जाया गया।

# अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बसपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** संसद सत्र के दौरान केंद्रीय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अपने वक्तव्य में संविधान निर्माता एवं करोड़ों एससी एसटी आदि बहुजनों के मसीहा परम पूज्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रति अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बहुजन समाज पार्टी ने अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए कानपुर नगर डीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें गृहमंत्री के खिलाफ उचित कदम उठाने की मांग की गई।




ज्ञापन देने के समय निम्न लोग उपस्थित रहे नरेश गौतम मुख्य मंडल प्रभारी अनिल पाल मंडल प्रभारी सजय गौतम मंडल प्रभारी जिला अध्यक्ष जेपी गौतम जिला प्रभारी रामनारायण निषाद कमल गौतम पंकज जगत अनूप गौतम जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अमीन जिला महासचिव देवेंद्र कुमार कुशवाहा जिला सचिव सौरभ गौतम जिला कोषाध्यक्ष मोहन मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष रामा आसरे कुरील ओमप्रकाश प्रजापति राजाराम भारती आर के भास्कर बबलू चौधरी राजकुमार कप्तान बीपी अंबेडकर विधानसभा के अध्यक्ष रमेश पाल नरेश कुरील सूरज गौतम भगवान दिन की राजकमल वीरेंद्र गौतम संजय सखंवार सर्वेश कुमार निषाद बृजमोहन गौतम बीआर अहिरवार कुलदीप भदोरिया अमर सिंह अमरजीत सिंह रवि गुप्ता अखिलेश पाल अशोक कालिया आदि बसपाई उपस्थित रहे।

# देपालपुर में शोक की लहर, प्रेस क्लब अध्यक्ष रमेशचंद्र राठौर का देवलोकगमन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**देपालपुर।** नगर में शोक की लहर उस समय दौड़ गई जब मंगलवार अलसुबह देपालपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी श्री रमेशचंद्र राठौर का 73 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने के कारण देवलोकगमन हो गया। सरल स्वभाव, मृदुभाषिता और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण के लिए पहचाने जाने वाले श्री राठौर अपने पीछे प्रेरणादायक विरासत छोड़ गए। समाजसेवा में अग्रणी व्यक्तित्व



रमेशचंद्र राठौर केवल पत्रकारिता तक सीमित नहीं थे, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय रहा। वे वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के सक्रिय पदाधिकारी थे और अपने नेतृत्व में कई सामाजिक कल्याणकारी कार्यों को नई दिशा दी। उनकी सादगी, मिलनसारिता और हास्यप्रेमी व्यक्तित्व ने उन्हें नगर के हर वर्ग का चहेता बना दिया।

**परिवार और अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब**

स्व. राठौर स्व. कालूसिंह राठौर के सुपुत्र थे। उनके परिवार में डॉ. राजेश राठौर और महेश राठौर जैसे काबिल बेटे, डॉ. मोहनलाल राठौर (स्व. मदनलाल राठौर के भाई) एवं प्रेम राठौर जैसे भाई और एडवोकेट गणेश राठौर व संजय राठौर जैसे भतीजे शामिल हैं। उनकी अंतिम यात्रा में नगर और आसपास के हजारों लोग शामिल हुए, जिसमें कलोता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश पटेल, प्रकाश जैन, गोपाल कटेसरिया, राजेश बड़वाया, राधेश्याम चौधरी, अजय जैन, श्रीराम बारोड़, दिलीप यादव, संदीप सेन, दीपक सेन,दरबार सिंह निलेश चौहान, कैलाश गौड़, अनिल दुबे सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**समाज को दी नई दिशा**

रमेशचंद्र राठौर के नेतृत्व में प्रेस क्लब और अन्य सामाजिक संगठनों ने कई क्रांतिकारी प्रयास किए। उनका जीवन उन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है, जो समाज के लिए कुछ बेहतर करने की आकांक्षा रखते हैं। उनके निधन से नगर ने एक सच्चे समाजसेवी और पत्रकार को खो दिया है। उनकी स्मृति हमेशा नगरवासियों के हृदय में जीवित रहेगी।

# क्रिसमस की पूर्व संध्या पर मेट्रो राइड करने सैंटा की ड्रेस में आए स्कूली बच्चे

## कानपुर मेट्रो ने की नए साल और क्रिसमस के स्वागत की तैयारी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर मेट्रो ने सैंटा और नए साल के स्वागत के लिए आयोजनों की श्रृंखला का आरंभ कर दिया है लिटिल एंजेल स्कूल, तिलक नगर से सैंटा की वेशभूषा में आए नन्हे बच्चों ने मेट्रो राइड का आनंद लिया कल क्रिसमस के अवसर को खास बनाने और बच्चों संग खुशियां बांटने के लिए सैंटा क्लॉज भी मेट्रो स्टेशन पहुंचेंगे सैंटा इस दौरान अपनी पारंपरिक पोशाक में बच्चों को टॉफियां बांटेंगे मेट्रो द्वारा नए साल के अवसर पर आने वाले दिनों में बैंड परफॉर्मेंस, रंगोली, काव्य पाठ आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे क्रिसमस में सैंटा के स्वागत के लिए जहां सभी तैयारियों में व्यस्त हैं वहां कानपुर मेट्रो भी किसी से कम नहीं है




सैंटा के आगमन के दस्तक के साथ ही आयोजनों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। इस माह के आरंभ में मोतीझील स्टेशन पर नए साल तक चलने वाले पुस्तक मेले की शुरूआत की गई थी तिलक नगर स्थित लिटिल एंजेल स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे सैंटा की पोशाक में मोतीझील स्टेशन पहुंचे इस दौरान मेट्रो अधिकारियों ने बच्चों को कानपुर मेट्रो की सुविधाओं, विशेषताओं, कार्यप्रणालियों और नियमों से अवगत कराया। बच्चे मेट्रो से यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित थे उन्होंने मेट्रो की खिड़की से शहर की खूबसूरती का लुत्फ़ उठाया। यात्रा की समाप्ति पर बच्चों को कुकीज वितरित की गई कानपुर मेट्रो में कल यानी क्रिसमस पर सैंटा की धूम रहेगी सैंटा क्लॉज मेट्रो ट्रेन में यात्रियों के साथ सफर करते हुए टॉफियां बांटेंगे इस अवसर पर बच्चों से जुड़ी एक संस्था के लिए मेट्रो राइड का आयोजन भी किया जाएगा।

नए साल के स्वागत के लिए मोतीझील स्टेशन पर 28 दिसंबर को काव्य पाठ और रंगोली प्रदर्शनी व 1 जनवरी की शाम को विशेष बैंड परफॉर्मेंस का आयोजन किया जाएगा। यात्री नए साल के पहले दिन मेट्रो यात्रा के साथ-साथ बॉलीवुड गीतों की धुनों से सजी सुरमई संध्या का आनंद भी ले सकेंगें

### प्रधान के चार बेटे बेटियों के जाब कार्ड निरस्त

**लखनऊ।** काकोरी ब्लाक के दसदोई ग्राम सभा के प्रधान के चारों बेटे बेटियों के मनरेगा के जाब कार्ड पूरी तरह निरस्त कर दिए गए हैं। अब इसकी फाइल पर आला अधिकारियों के हस्ताक्षर भी हो गए हैं। ऐसे में अब उनके पुत्र मनरेगा की मजदूरी नहीं ले पाएंगे। दसदोई ग्राम सभा के प्रधान राजकुमार यादव ने अपने पुत्रों नागेन्द्र कुमार, बालेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार तथा बेटी ज्योति यादव के नाम जाब कार्ड बना दिया था। बिना काम किए जाब कार्ड के माध्यम से मनरेगा की मजदूरी उनके बैंक खातों में ट्रांसफर करा दिया। शिकायत मिलने के बाद काकोरी के खण्ड विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने इसकी जांच करायी थी। जांच में दोष सिद्ध हो गया। इसी तरह दो बेटों को सरकारी गोशाला का गोपालक भी बना दिया था। हिन्दुस्तान ने इसकी खबर करीब 20 दिन पहले प्रमुखता से प्रकाशित की थी। मनरेगा के लोकपाल आरआर जैसवार ने बताया कि जाब कार्ड अब निरस्त हो गया है।

## कानपुर नगर निगम सदन में चर्चा के लिए दिया अनुरोध पत्र

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** पूर्व पार्षद फोरम के संयोजक मदन लाल भाटिया ने एक प्रेस बयान में जानकारी देते हुए बताया की कानपुर पूर्व पार्षद फोरम के एक दर्जन से अधिक पूर्व पार्षदों ने नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर मेजर सलमान द्वारा पर एकत्र होकर नगर निगम सदन को जाने वाले पार्षदों को रोक रोक कर बड़े हुए गृहकर एवं



असंवैधानिक नामांतरण शुल्क के संबंध में नगर निगम सदन में चर्चा के लिए पत्र सौंपा तथा उनसे कहा कि शहर की जनता का उत्पीड़न ना होने दें इसी शहर की जनता ने आपको मत देकर नगर निगम में पार्षद चुनकर भेजा है पूर्व पार्षद फोरम के पार्षदों ने कानपुर नगर की सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक नसीम सोलंकी को भी शहर की जनता के उत्पीड़न के संबंध में मांग पत्र सौंपा तथा आग्रह किया कि आप स्वयं एवं अपने दल के पार्षदों से कानपुर नगर निगम सदन में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा करने की मांग करें संयोजक मदन लाल भाटिया ने बताया कि नगर निगम मुख्यालय में पहुंचने वाले पूर्व पार्षद ललित मोहन श्रीवास्तव, जानकी वर्मा, अफजाल अहमद, संजीव मिश्रा, समी इकबाल बाबूराम सोनकर, अमीन बाबा, डॉ मकसूद अख्तर, प्रताप कुमार, दीपक त्रिवेदी, श्याम कुमार आदि लोग उपस्थित रहे

# सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर हर गुरुवार लगेगीएएनसी क्लिनिक

## परिवार कल्याण की ओर से सीएमओ को भेजा गया पत्र

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) क्लीनिक का आयोजन अब हर गुरुवार को होगा। इस संबंध में महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. सुषमा सिंह ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र लिख कर निर्देश जारी किए हैं।

पत्र के अनुसार सभी उपकेंद्र जहां एएनएम बैठती हैं वहां एएनएम के सहयोग से और जहां सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ ) बैठते हैं वहां उनके सहयोग से सुबह 9 से शाम 4 बजे तक एएनसी क्लीनिक का आयोजन होगा। इस क्लीनिक में गर्भावस्था का पंजीकरण एवं जांचें, आयरन, फोलिक एसिड (आईएफए) एवं कैल्शियम, एल्बेंडाजोल की गोलियों का वितरण और सेवन का तरीका तथा लाभ के



बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही टिटनेस तथा व्यस्क डिप्थीरिया के टीकों के लाभ के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

इसके आलावा, हीमोग्लोबिन, एचाईवी, हेपेटाइटिस बी एवं सिफलिस की जांचें, ब्लड शुगर की जांच, गर्भ में शिशु की स्थिति, उसकी वृद्धि एवं दिल की धड़कन की जांच होगी। इसके साथ ही उच्च जोखिम की गर्भावस्था की पहचान कर उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर संदर्भित किया जाएगा। गर्भवती को दवाओं के सेवन के प्रतिकूल प्रभाव, कम से कम चार प्रसव पूर्व जांचें, गर्भावस्था एवं प्रसवोत्तर देखभाल, पौष्टिक आहार एवं आराम के लाभ, खतरे के लक्षणों की पहचान, संस्थागत प्रसव के लाभ और घर पर प्रसव के नुकसान, घरेलू हिंसा एवं उसका बच्चे पर प्रभाव के प्रति जागरूक करने के साथ ही सरकार की ओर से संचालित की जा रहीं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। लोहिया संस्थान में महिला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मालविका मिश्रा ने बताया मार्च 2022 में प्रकाशित एसआरएस (सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे) के आंकड़ों के अनुसार देश की मातृ मृत्यु दर 103 और प्रदेश की मातृ मृत्यु दर 167 है।

### सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च केजीएमयू ने जोश और उत्साह के साथ मनाया अपना पहला स्थापना दिवस

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) लखनऊ के सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च ने आज अपने पहले स्थापना दिवस का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर के प्रसिद्ध कलाम सेंटर में हुआ। इस मौके पर फैकल्टी, छात्र, और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि केजीएमयू की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद मौजूद रही। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कौशिक मंडल प्रोफेसर, मेडिकल जेनेटिक्स पीजीआईएमएस लखनऊ भी मौजूद थे। इसके अलावा, कार्यक्रम में प्रो. अजीत कौर (प्रो-वाइस चांसलर, केजीएमयू), प्रो. अमिता जैन (डीन एकेडमिक्स, केजीएमयू) और प्रो. हरदीप सिंह मल्होत्रा (डीन रिसर्च, केजीएमयू) शामिल हुए। इसके बाद प्रो. विमला वेंकटेश (फैकल्टी इंचार्ज, सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च) ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ कौशिक मंडल ने बताया कि कैसे सही डायग्नोस्टिक्स (निदान) स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और जटिल अनुवांशिक बीमारियों के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाता है।

## सम्पादकीय

# संशोधन से चुनावी प्रक्रिया अधिक शंकास्पद

केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिएसर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर के खिलाफ गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिये गये अपमानजनक वक्तव्य को लेकर जब संसद के दोनों सदनों में हंगामा मचा हुआ था, उसका फायदा उठाकर सरकार ने चुनावी प्रक्रिया सम्बन्धी इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के निरीक्षण अथवा सार्वजनिक करने को प्रतिबन्धित कर दिया। अब फुटेज, रिकॉर्डिंग आदि नहीं मांगे जा सकेंगे। यह संशोधन शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन में किया गया जिसका समापन 20 दिसम्बर को हुआ। ईवीएम पर पहले से अविश्वास जतलाया जा रहा है, अब चुनावी प्रक्रिया को यह संशोधन और भी शंकास्पद बनाता है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल इस पर ऐतराज दिखा रहे हैं, जो वाजिब है। गौरतलब है कि हरियाणा चुनाव में गड़बड़ी की आशंका पर वरिष्ठ अधिवक्ता महमूद प्राचा ने अक्टूबर 2024 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिस पर 9 दिसंबर को अदालत ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक पोलिंग बूथ के वीडियोग्राफी, सीसीटीवी फुटेज और वोटों से जुड़े कागजात की प्रति श्री प्राचा को देने का आदेश दिया था। इसके लिए छह सप्ताह का वक्त दिया गया था। लेकिन चुनाव आयोग ने नियम में संशोधन की सिफारिश सरकार से की और कानून मंत्रालय ने 20 दिसम्बर को चुनाव नियमों में यह बदलाव किया है। हड़बड़ी में किए गए इस बदलाव से शंका उपजती है कि किसी गड़बड़ी को छिपाने के लिए संशोधन किए गए हैं। बदले नियम के तहत सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज के साथ-साथ प्रत्याशियों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का भी सार्वजनिक निरीक्षण नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने यह बदलाव केन्द्रीय चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर किया है और इसका उद्देश्य इन दस्तावेजों या फुटेज के दुरुपयोग को रोकना बतलाया है। चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 (2)(ए) में यह संशोधन किया गया है। पहले नियम 93 हर किसी को सभी चुनावी दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण तथा उनकी सभी के लिये उपलब्धता का अधिकार देता था। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार यह संशोधन गोपनीयता के उल्लंघन को रोकने तथा इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों (रिकॉर्डिंग, फुटेज आदि) के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा दुरुपयोग को रोकने हेतु जरूरी है। इसकी जरूरत इसलिये भी बतलाई गयी कि इन दस्तावेजों, खासकर इलेक्ट्रॉनिक फुटेज का लाभ आतंकवाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर अथवा माओवाद से पीड़ित संवेदनशील क्षेत्रों में सक्रिय तत्व उठा सकते हैं। आयोग के मुताबिक पिछले चुनावों से सम्बन्धित कई दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निवेदन आये थे। अब ऐसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जायेंगे जिनका नियमों से सम्बन्ध या सन्दर्भ नहीं है।

कहने को तो निर्वाचन आयोग ने यह सिफारिश उनका दुरुपयोग रोकने के लिये की है परन्तु सर्वज्ञात है कि मौजूदा चुनाव आयोग के सारे काम-काज और नियम-कायदे पूरी तरह से सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में किये जाते हैं। इसलिये यह कदम भी गहरे संदेह के घेरे में आ गया है। आयोग की विश्वसनीयता पहले ही इतनी गिर चुकी है कि इसे भाजपा की जेब में रखा माना जाता है। उसका आचरण पिछले कुछ वर्षों से अत्यंत पक्षपाती और मनमाना रहा है। अनेक ऐसे मुद्दे रहे हैं जिनमें निर्वाचन आयोग के सारे फैसले भाजपा के पक्ष हुए हैं। आरोप लगते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में बने रहने के लिये आयोग को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में ले रखा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार पर भी उंगलियां उठती हैं कि उन की भूमिका और मंशा सिर्फभाजपा को लाभ देने की रहती है। इस संवैधानिक संस्था की ताकत व महत्व को समझकर मोदी सरकार ने एक संशोधन यह किया कि मुख्य आयुक्त का चयन करने वाले पैनल से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। अब इसमें केवल प्रधानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री तथा विपक्ष के नेता हैं। स्वाभाविक है कि सरकार की मर्जी का ही व्यक्ति इस पद पर बैठ सकेगा। फिर, दो अन्य आयुक्तों को भी पूर्णतरू शक्तिविहीन कर दिया गया है। वे नाममात्र के सदस्य बनकर रह गये हैं। मुख्य आयुक्त का फैसला ही अंतिम होगा। चुनावी प्रक्रिया को अपारदर्शी और पक्षपाती बनाने के एक नहीं सैकड़ों उदाहरण हाल के वर्षों में देखे गये। विधानसभाओं के चुनाव हों या लोकसभा के, चुनाव आयोग का काम केवल विरोधी दलों के खिलाफ मामले बनाना तथा भाजपा व उसके सहयोगी गठबन्धनों को क्लीन चिट देना रह गया है। मोदी, शाह से लेकर भाजपा के अनेक नेतागण जमकर व खुल्लमखुल्ला हेट स्पीच करते हैं परन्तु उनके खिलाफकभी सख्त कार्रवाई नहीं होती। इसके विपरीत विपक्षी दलों के लोगों को नोटिस भेजने से लेकर उनके प्रचार पर बन्दी लाने में आयोग देर नहीं करता। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का मसला लम्बे समय से चर्चा में है। ईवीएम मशीनों में हेराफेरी के आरोप लगते रहे हैं परन्तु आयोग सुनने को तैयार नहीं है। संदेह है कि उसे हैक किया जा सकता है और हाल के वर्षों में चुनावों के अनेक नतीजे उसके जरिये भाजपा के पक्ष में बदले गये हैं। दावा तो यह भी है कि इसी लोकसभा चुनाव में ईवीएम की गड़बड़ी के जरिये भाजपा को बहुमत मिल सका है। कई दलों, संगठनों एवं व्यक्तियों का दावा है।

# संविधान के 75 साल: हम कहां हैं

राम पुनियानी

> जहां आजादी का आन्दोलन भारत को समृद्ध विविधताओं वाला एक बहुवादी देश मानता था वहीं स्वाधीनता आन्दोलन से दूर रहने वाले उसे हिन्दू सभ्यता मानते थे। ऐसे लोगों को बहुवाद पसंद नहीं है और वे मानते हैं कि बहुवाद को शिक्षित, आधुनिक नेताओं ने देश पर थोपा है। संघ परिवार यह भूल जाता है कि भारतीय सभ्यता को हिन्दू सभ्यता बताना, हमारी सभ्यता में जैन, बौद्ध, ईसाई और सिक्ख धर्मों व इस्लाम के योगदान को नकारना है। हिन्दू राष्ट्रवादियों के सबसे प्रिय भगवान राम को देखने के भी अलग-अलग तरीके हैं। कबीर के लिए राम सर्वव्यापी निर्गुण हैं तो गांधी के लिए राम सभी धर्मों के लोगों के रक्षक हैं। गांधी कहते थे ईश्वर अल्लाह तेरो नामश। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक श्भारत एक खोजश् में लिखा है।

भारत की संसद ने दो दिन तक देश के संविधान पर चर्चा की। विपक्षी नेताओं ने कहा कि हमारे संविधान में समाज के कमजोर वर्गों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए अनेक प्रावधान हैं मगर उसके बावजूद ये वर्ग परेशानहाल हैं। मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है। इसके विपरीत, सत्ताधारी भाजपा के नेताओं ने संसद के अन्दर और संसद के बाहर भी कहा कि संवैधानिक मूल्यों पर हमले नेहरु (नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक लगाने के लिए संवैधानिक संशोधन) ने शुरू किये और यह सिलसिला इंदिरा गांधी (आपातकाल) से होता हुआ राजीव गांधी (शाहबानो) और राहुल गांधी (विधेयक को फाड़ना) तक चला। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक बुराईयों की जड़ में नेहरु-गांधी परिवार है और उसी ने संविधान को नुकसान पहुंचाया है।भाजपा नेता और हिन्दू राष्ट्रवादी चिन्तक लम्बे समय से कहते आए हैं कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है, उसे औपनिवेशिक ताकतों ने हमारे समाज पर लादा है और वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति से मेल नहीं खाता। उनका यह तर्क भी रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों का तुष्टिकरण करने और उनका वोट बैंक बनाने के लिए संविधान का दुरुपयोग किया।जैसा कि हम सब जानते हैं, संविधान उन मूल्यों का प्रतिनिधि है जो स्वाधीनता संग्राम के दौरान उपजे. संविधान तैयार करते समय हमारी सभ्यता की लम्बी परंपरा का भी ख्याल रखा गया। जिन लोगों ने स्वाधीनता आन्दोलन में भाग लिया और जो उसकी पीछे की विचारधारा में आस्था रखते थे, भारतीय सभ्यता की उनकी समझ, उन लोगों से बहुत भिन्न थी जो औपनिवेशिकता-विरोधी आन्दोलन से दूर बने रहे और ब्रिटिश शासकों के आगे नतमस्तक रहे।

जहां आजादी का आन्दोलन भारत को समृद्ध विविधताओं वाला एक बहुवादी देश मानता था वहीं स्वाधीनता आन्दोलन से दूर रहने वाले उसे हिन्दू सभ्यता मानते थे। ऐसे लोगों को बहुवाद पसंद नहीं है और वे मानते हैं कि बहुवाद को शिक्षित, आधुनिक नेताओं ने देश पर थोपा है। संघ परिवार यह भूल जाता है कि भारतीय सभ्यता को हिन्दू सभ्यता बताना, हमारी सभ्यता में जैन, बौद्ध, ईसाई और सिक्ख धर्मों व इस्लाम के योगदान को नकारना है। हिन्दू राष्ट्रवादियों के सबसे प्रिय भगवान राम को देखने के भी अलग-अलग तरीके हैं। कबीर के लिए राम सर्वव्यापी निर्गुण हैं तो गांधी के लिए राम सभी धर्मों के लोगों के रक्षक हैं। गांधी कहते थे श्ईश्वर अल्लाह तेरो नामश। जवाहरलाल नेहरु ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक श्भारत एक खोजश् में लिखा है कि श्भारत एक प्राचीन स्लेट है, जिस पर कई परतों में अलग-अलग कालों में विचार और भावनाएं दर्ज की गईं मगर कोई नयी परत, पिछली परतों को न तो पूरी तरह ढंक सकी और न मिटा सकीश। नेहरु बड़े गर्व से सम्राट अशोक के शासनकाल को याद करते हैं, जिन्होंने अपने कई शिलालेखों में वैदिक हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और आजीविकों के साथ एक-समान व्यवहार करने की बात कही है। संघ परिवार और उसके चिंतक जहां भारत को विशुद्ध ब्राह्मणवादी हिन्दू देश मानते हैं वहीं गांधी, नेहरु इत्यादि इसे सभी भारतीयों का देश मानते थे। भारत की संविधान सभा मोटे तौर पर उस धारा का प्रतिनिधित्व करती थी, जो राष्ट्रीय धारा थी, जो वह धारा थी जिसने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। इसके विपरीत, भारत को ब्राह्मणवादी हिन्दू राष्ट्र मानने वाला आरएसएस हाशिये की धारा थी। दोनों धाराओं का यह अंतर, भारत के संविधान का मसविदा तैयार होने के समय से ही परिलक्षित होने लगा था। अम्बेडकर और नेहरु का यह स्पष्ट मत था कि देश की सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि संविधान के मूल ढांचे से कोई छेड़छाड़ न की जाए और उसे पूरी तरह से लागू किया जाए। मगर 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान के समीक्षा के लिए वेंकटचलैया आयोग का गठन किया। उस समय राष्ट्रपति डॉ के.आर. नारायणन ने बहुत सामयिक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि, श्संविधान के कारण हम नाकाम नहीं हुए हैं, बल्कि हमने संविधान को नाकाम किया हैश। यह बात मोदी सरकार के कार्यकाल के सन्दर्भ में एकदम सही है। इस दौर में संविधान में कोई बदलाव नहीं किये गए मगर संघ परिवार के कई सदस्यों ने ऐसा करने की इच्छा और जरुरत बताई और उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा फटकारा नहीं गया। श्अब की बार चार सौ पारश् का नारा इसी इच्छा का प्रतीक था। भाजपा चाहती थी कि उसे लोकसभा में 400 से ज्यादा सीटें हासिल हों ताकि वह संविधान को बदल सके। देश में नफरत फैलाने वाले भाषण देने और बातें कहने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इसका सबसे ताजा उदाहरण हैं इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव, जिन्होंने विश्व हिन्दू परिषद् के एक कार्यक्रम में कहा कि श्भारत बहुसंख्यकों की मर्जी के अनुसार चलेगा।श




जस्टिस यादव ने समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक आवश्यकता विषय पर बोलते हुआ कहा, श्केवल वही स्वीकार किया जाएगा जो बहुसंख्यकों की भलाई और प्रसन्नता के लिए फायदेमंद हो। इससे भी ज्यादा बुरी बात यह है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यादव के कथन का समर्थन किया। यह अच्छा है कि सुप्रीम कोर्ट ने यादव के सांप्रदायिक और नफरत फैलाने वाले भाषण का संज्ञान लिया है. मगर आदित्यनाथ के यादव को समर्थन का कौन संज्ञान लेगा? वर्तमान स्थितियों पर एक सटीक टिप्पणी में जस्टिस अस्पि चिनॉय ने कहा, श्भाजपा केंद्र में सरकार में है और उसके पास संसद में पूर्ण बहुमत है। मगर उसे भारत और उसके संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को कानूनी तौर पर बदलने की कोई जरुरत महसूस नहीं हो रही है। राज्य और उसके विविध तंत्र उसके नियंत्रण में है और वह कानूनी तौर पर भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बदले बिना ही उसके धर्मनिरपेक्ष संविधान को कमजोर करने और हिंदुत्व पर आधारित राजकाज कायम करने में कामयाब रही है। भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ के सांप्रदायिक चरित्र का खुलासा उस समय ही हो गया था जब संविधान का मसविदा जारी किया गया था। इसके कुछ दिन बाद, आरएसएस के गैर-आधिकारिक मुखपत्र आर्गेनाइजर ने 30 नवम्बर 1949 के अपने अंक में लिखा था, श्भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है।

# मर्ज का फर्ज

सर्वविदित है कि देश की विशाल आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है। यूनेस्को कई बार बता चुका है कि भारत के कई स्थानों पर एक हजार व्यक्तियों पर एक चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि देश के कई मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाएं तो इसे देश के लिये विडंबना ही कहा जाएगा। इस ज्वलंत मुद्दे पर देश की शीर्ष अदालत ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक देश के सभी मेडिकल कालेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों को तुरंत भरा जाए। जाहिर है जब देश में पहले से ही डॉक्टरों के कमी है तो ये सीटें क्यों खराब की जा रही हैं? निश्चित रूप से समाज के अंतिम व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में शीर्ष अदालत की यह पहल बदलावकारी साबित हो सकती है। देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए पिछले दिनों बड़ी संख्या में नये मेडिकल कालेज खोले गए हैं, लेकिन इनमें सीटों की संख्या दुगनी हो जाने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। वैसे निजी अस्पतालों में तो डॉक्टरों की कमी नहीं है, लेकिन सार्वजनिक अस्पतालों व डिस्पेंसरियों में डॉक्टरों की कमी बराबर बनी रहती है। खासकर ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बहुत खराब है। यही वजह है कि देश के बड़े चिकित्सा संस्थानों मसलन एम्स व पीजीआईएमईआर जैसे संस्थान मरीजों के दबाव से चरमरा रहे हैं। साथ ही चिकित्सक बेहद दबाव में काम कर रहे हैं। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने इस संकट की गंभीरता को महसूस करते हुए निर्देश दिए हैं कि इस महीने के अंत तक काउंसलिंग करा कर उन सीटों को तुरंत भरा जाए।

निश्चित रूप से इस पहल से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को संबल मिल सकेगा। निस्संदेह, यह तार्किक है कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर देश में भारी मारामारी है। इसकी वजह यह है कि मेडिकल की पढ़ाई के बाद कमोबेश रोजगार पाना गारंटी जैसी होता है। उनके लिये विदेशों में भो रोजगार के आकर्षक अवसर होते हैं। अन्यथा निजी अस्पताल खोलकर भी वे अपना शानदार करिअर बना सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल हमारे गांवों में चिकित्सा सुविधाओं के नितांत अभाव का होना है। ऐसा नहीं है कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का सरकार को भान नहीं है। सरकार भी मानती है कि देश के ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता तो दूर सामान्य डॉक्टरों की मौजूदगी भी कम ही है। इस संकट का समाधान तभी संभव है जब देश में अधिक मेडिकल कालेज खुलें और उनकी सभी सीटों को भरा जाए। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों को ग्रामीण इलाकों में काम करने के लिये प्रेरित किया जाए। उन्हें वेतन तथा प्रोन्नति के विशेष अवसर दिए जाएं। अनिवार्य रूप से तय किया जाए कि मेडिकल कालेजों से निकलने वाले चिकित्सक कुछ प्रारंभिक वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दें। इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि विगत में हुए ऐसे प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ पाए। इसके अलावा दुनिया के अनेक देशों से मेडिकल की पढ़ाई करके आने वाले डॉक्टरों को आवश्यक अर्हताएं पूरी करने पर डॉक्टरी करने की सुविधा प्रदान की जाए। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार का दायित्व बनता है कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले तथा कमजोर वर्गों के लोगों को सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएं। ये लोग महंगे निजी अस्पतालों की चौखट तक पहुंचने की क्षमता नहीं रखते। सरकार ने आयुष्मान योजना जैसी कई पहल तो की हैं, लेकिन ध्यान रखना जरूरी है कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवस्थागत दिक्कतें पैदा न हों। सरकारों का नैतिक दायित्व बनता है कि हाशिये के समाज को सस्ती व सहज रूप से चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता का भी लाभ मिल सके। साथ ही नीति-नियंताओं के लिये यह आत्ममंथन का विषय है।

# डॉलर को बढ़ावा देने के आक्रामक रुख से रुपया अस्थिर स्थिति में

के रवींद्रन

> भारत के लिए, जो अपने व्यापार संतुलन को बनाये रखने के लिए निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर है, ऐसे खतरे संभावित व्यवधानों का संकेत देते हैं। अमेरिका के साथ तनावपूर्ण व्यापार संबंध मौजूदा आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकते हैं, खासकर तब जब भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी से जूझ रही हो। भारत के लिए चिंता का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मजबूत अमेरिकी डॉलर के लिए ट्रम्प का अटूट समर्थन है। वैश्विक मुद्रा के रूप में डॉलर की स्थिति की रक्षा करने पर उनके प्रशासन का जोर वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिकी प्रभुत्व को सुरक्षित करने की व्यापक रणनीति को रेखांकित करता है। अपने चुनाव के कुछ दिनों के भीतर ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों को ऐसे कदमों के खिलाफचेतावनी जारी की, जो अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को खतरे में डाल सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्र, अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप एक बार फिर व्हाइट हाउस में जाने वाले हैं, लेकिन यह भारत के लिए विशेष रूप से फायदेमंद नहीं है। जो भी हो, ट्रंप को मोदी समर्थक रहते हुए भी भारत विरोधी कहा जा सकता है। मोदी-ट्रम्प के बीच यह सौहार्द्र राष्ट्रपति-चुनाव के भारत विरोधी आर्थिक रुख के बिल्कुल विपरीत है, जो पहले से ही जवाबी टैरिफकी धमकियों और वैश्विक मुद्रा के रूप में अमेरिकी डॉलर के दृढ़ बचाव में प्रकट हुआ है। ट्रंप का यह दावा कुछ अमेरिकी उत्पादों पर नई दिल्ली के उच्च टैरिफके प्रति उनके असंतोष से उपजा है। यह अमेरिकी आर्थिक हितों को प्राथमिकता देने की उनकी व्यापक नीति को दर्शाता है, जो अक्सर दीर्घकालिक व्यापार साझेदारी की कीमत पर होगी।

भारत के लिए, जो अपने व्यापार संतुलन को बनाये रखने के लिए निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर है, ऐसे खतरे संभावित व्यवधानों का संकेत देते हैं। अमेरिका के साथ तनावपूर्ण व्यापार संबंध मौजूदा आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकते हैं, खासकर तब जब भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी से जूझ रही हो। भारत के लिए चिंता का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मजबूत अमेरिकी डॉलर के लिए ट्रम्प का अटूट समर्थन है। वैश्विक मुद्रा के रूप में डॉलर की स्थिति की रक्षा करने पर उनके प्रशासन का जोर वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिकी प्रभुत्व को सुरक्षित करने की व्यापक रणनीति को रेखांकित करता है। अपने चुनाव के कुछ दिनों के भीतर ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों को ऐसे कदमों के खिलाफ चेतावनी जारी की, जो




अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को खतरे में डाल सकते हैं। भारत ने कूटनीतिक रूप से इन चेतावनियों को कम करके आंकते हुए, डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए कुछ देशों के साथ रुपया-आधारित द्विपक्षीय व्यापार में भाग लिया है। हालांकि, ऐसी पहल अपनी प्रारंभिक अवस्था में है और डॉलर-केंद्रित वैश्विक व्यापार नीतियों के व्यापक प्रभाव को कम नहीं कर सकती हैं।ट्रम्प के राष्ट्रपति पद के दौरान अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने पहले ही रुपये को गहरा झटका दिया है, जो डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस गिरावट के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं, जिसमें मजबूत अमेरिकी आर्थिक डेटा भी शामिल है, जो ब्याज दरों पर फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख को पुष्ट करता है। उच्च अमेरिकी टैरिफदरें भारत जैसे उभरते बाजारों से पूंजी प्रवाह को आकर्षित करती हैं, जिससे रुपये का अवमूल्यन बढ़ जाता है। कमजोर रुपया आयात की लागत, विशेष रूप से कच्चे तेल की लागत को बढ़ाता है, जिससे व्यापार घाटा बढ़ता है और घरेलू मुद्रास्फीति को बढ़ावा मिलता है। मुद्रा को स्थिर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप को सीमित सफलता मिली है। रुपये को स्थिर करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार पर अत्यधिक निर्भरता भारत के भंडार को कम कर सकती है, जिससे अर्थव्यवस्था बाहरी झटकों के प्रति संवेदनशील हो सकती है। घरेलू स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रही है जो रुपये की गिरावट में योगदान करती हैं। औद्योगिक उत्पादन में कमी, उपभोक्ता मांग में गिरावट और कमजोर निवेश भावना की विशेषता वाली आर्थिक मंदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास को खत्म कर दिया है। धीमी आर्थिक वृद्धि विदेशी निवेशकों के लिए रुपये के आकर्षण को कम करती है, जो अनिशिचतता के दौर में उभरते बाजारों को अधिक जोखिम वाला मानते हैं। इसके अतिरिक्त, भारत का चालू खाता घाटा, जो तब उत्पन्न होता है जब देश निर्यात से अधिक आयात करता है, लगातार बढ़ रहा है और रुपये पर निरंतर दबाव डाल रहा है। वैश्विक तेल की कीमतों में सुधार और भारत के प्रमुख तेल आयातक होने के कारण, इन आयातों के भुगतान के लिए डॉलर की मांग बढ़ गयी है, जिससे रुपये की परेशानी और बढ़ गयी है। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक मुद्रास्फीति का बढ़ता दबाव है। मुद्रास्फीति मुद्रा की क्रय शक्ति को कम करती है और निवेशकों के विश्वास को कम करती है। इसके अतिरिक्त, रुपये की गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर संरचनात्मक मुद्दों से प्रभावित है। औद्योगिक उत्पादन और उपभोक्ता खर्च जैसे प्रमुख संकेतकों ने कमजोर होने के संकेत दिखाये हैं। गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के बोझ तले दबे बैंकिंग क्षेत्र में विकास को वित्त पोषित करने की सीमित क्षमता है। बैंकों को पुनर्पूंजीकृत करने और ऋण देने को प्रोत्साहित करने की सरकारी पहलों के बावजूद, आर्थिक सुधार की गति धीमी बनी हुई है। इसने निवेशकों की भावना को और कमजोर कर दिया है और रुपये को भी। इसके अलावा, डिजिटल अर्थव्यवस्था में चल रहा बदलाव, जो दीर्घावधि में आशाजनक है, ने पारंपरिक व्यापार मॉडल में अल्पकालिक व्यवधान पैदा किया है, जिससे समग्र उत्पादकता और आर्थिक उत्पादन प्रभावित हुआ है। रुपये पर ट्रम्प की नीतियों का प्रभाव वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से और भी बढ़ गया है।

# पीकेएल मेलबर्न रेड में खेलेंगे प्रो कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी

एजेंसी

**पुणे।** ऑस्ट्रेलिया के जॉन कैन एरिना में शनिवार से शुरु होने वाले पीकेएल मेलबर्न रेड में प्रो कबड्डी के अजय ठाकुर, परदीप नरवाल, अनूप कुमार, राकेश कुमार, मनिंदर सिंह, सचिन तंवर और अन्य दिग्गज खिलाड़ी खेलेंगे।

इस ऐतिहासिक स्पर्धा में चार दुर्जेय टीमें एक दूसरे का सामना करेंगी। पीकेएल ऑल स्टार मावेरिक्स, पीकेएल ऑल स्टार मास्टर्स और प्रो कबड्डी ऑल स्टार्स ऐसी तीन टीमें होंगी, जिनमें पीकेएल के सर्वश्रेष्ठ भारतीय कबड्डी खिलाड़ी शामिल होंगे। साथ ही स्टार खिलाड़ियों से सजी ऑस्ट्रेलियाई टीम आसीज रेडर्स भी इस अनोखी प्रतियोगिता में वर्चस्व के लिए संघर्ष करेगी।



इस अनूठे आयोजन से पहले पीकेएल के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, हम मेलबर्न में पीकेएल परफॉर्मेंस के लिए दुनिया के सबसे प्रमुख स्पोर्ट्स डेस्टीनेशन शहरों में से एक-विजिट विक्टोरिया-द्वारा आमंत्रित किए जाने से रोमांचित हैं। पीकेएल मेलबर्न रेड कबड्डी की बढ़ते ग्लोबल अपील को दर्शाता है, जो दिग्गजों के साथ-साथ मौजूदा सितारों को भी एक साथ लाता है। भारत में जारी पीकेएल सीजन 11 के अंतिम चरण में आने से, यह हमारी लीग की क्षमताओं को प्रदर्शित करने के साथ-साथ वास्तव में विश्व स्तरीय खेल के रूप में कबड्डी की ऊर्जा को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है।

**पीकेएल मेलबर्न रेड के लिए घोषित टीमें इस प्रकार हैः-**

पीकेएल ऑल स्टार मावेरिक्सः- अजय ठाकुर (रेडर/कप्तान), दीपक हुड्डा (रेडर), आदेश (रेडर), राकेश (रेडर), परदीप नरवाल (रेडर), नितिन रावल (लेफ्ट कॉर्नर+ रेडर), आदित्य पंवार (लेफ्ट कॉर्नर), नितेश कुमार (राइट कॉर्नर), मयूर कदम (राइट कवर), प्रियांक चंदेल (लेफ्ट कवर), नितिन (लेफ्ट कॉर्नर), सचिन तंवर (रेडर)।

**कोचः ई. भास्करन**

**पीकेएल ऑल स्टार मास्टर्सः**- राकेश कुमार (रेडर/कप्तान), अनूप कुमार (रेडर), सुकेश हेगड़े (रेडर), जय भगवान (रेडर), मनिंदर सिंह (रेडर), जीवा कुमार (लेफ्ट कवर), संदीप नरवाल (राइट कवर), विशाल भारद्वाज (लेफ्ट) कॉर्नर), सौरभ नांदल (राइट कॉर्नर), मोहित (राइट कवर), रण सिंह (राइट/लेफ्ट कॉर्नर), नितेश (लेफ्ट कॉर्नर)। कोच- बी.सी. रमेश

**प्रो कबड्डी ऑल स्टार्सः**- अनूप कुमार (रेडर/कप्तान), राकेश कुमार (रेडर), सुकेश हेगड़े (रेडर), जय भगवान (रेडर), मनिंदर सिंह (रेडर), जीवा कुमार (लेफ्ट कॉर्नर), संदीप नरवाल (राइट कॉर्नर), विशाल भारद्वाज (लेफ्ट कवर), सौरभ नांदल (दाएं कोने), मोहित (दाएं कवर), नितेश (बाएं कोने)। कोच- ई. भास्करन

**आसीज रेडर्सः**- जोश कैनेडी (लेफ्ट इन/रेडर/कप्तान), मार्क मर्फी (कार्नर/ रेडर), डैन हैनबेरी (लेफ्ट कवर कॉर्नर), ब्रेट डेलेडियो (रेडर), बेन नुगेंट (मिडिल कवर/रेडर), बिली गॉवर्स (लेफ्ट कॉर्नर/रेडर), माइकल हिबर्ड (लेफ्ट कॉर्नर), ट्रेंट मैकेंजी (राइट इन), डायसन हेपेल ( रेडर/लेफ्ट कॉर्नर), लियाम शिएल्स (राइट कॉर्नर/रेडर)।

# महान खिलाड़ी अपना रास्ता खुद बनाते हैं रोहित शर्मा ने विराट कोहली का किया समर्थन

एजेंसी

**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर विराट कोहली के संघर्ष को लेकर चिंताओं को ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए टीम में लंबे समय के अपने साथी का पूर्ण समर्थन करते हुए मंगलवार को कहा, 'आधुनिक समय के महान खिलाड़ी अपने रास्ते को खुद तय कर लेते हैं'। ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे पर कोहली ने पांच पारियों में पांच, 100 नाबाद, सात, 11 और तीन रन बनाये है। इस दौरान उनका औसत 31.50 रन का रहा है। खुद भी खराब दौर से गुजर रहे रोहित को लय हासिल करने की उम्मीद है। जब उनसे कोहली के संघर्षों के बारे में सवाल पूछा गया तो चेहरे पर मुस्कान के साथ इसका जवाब दिया। जब एक पत्रकार ने रोहित से पूछा कि खराब दौर से गुजर रहे मौजूदा युग के किसी महान खिलाड़ी को आप सलाह देना पसंद करेंगे या उनके हालात पर छोड़ देंगे। भारतीय कप्तान ने कहा, आप ने ही कहा कि वह मौजूदा दौर के महान खिलाड़ी है। मौजूदा दौर के महान खिलाड़ी अपना रास्ता खुद तय कर लेते हैं।'' कोहली एमसीजी में नेट अभ्यास सत्र में भाग लेने वाले सबसे शुरुआती बल्लेबाजों में से एक थे और रोहित प्रमुख बल्लेबाजों में सबसे आखिरी में अभ्यास करने पहुंचे। भारतीय कप्तान ने आखिरी 20 मिनट में सिर्फ दो शॉट खेले और बाकी गेंदों को विकेट के पीछे जाने दिया। वह गेंद पर आक्रमण करने की अपनी नैसर्गिक प्रवृत्ति को नियंत्रित करने की कोशिश करते दिखे। अभ्यास के दौरान रोहित गेंदबाजों खासकर हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा से चौथे स्टंप की लाइन में गेंदबाजी करने को कहा। इस दौरान वहां लगभग 500 की संख्या में मौजूद प्रशसकों में से किसी ने कहा, रोहित भाई पुल मारो ना। रोहित से जब उनकी बल्लेबाजी क्रम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने थोड़ा चिढ़ते हुए कहा, इसके बारे में चिंता न करें। मुझे लगता है कि कौन कहां बल्लेबाजी करेगा इस बारे में हमें टीम के अंदर चर्चा करनी चाहिये। मुझे हर संवाददाता सम्मेलन में इस सवाल का जवाब नहीं देना चाहिए।



# अफरीदी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट से बाहर रखने का पीसीबी से अनुरोध किया

एजेंसी

**कराची ।** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने कार्यभार प्रबंधन के लिये टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैचों के लिये उनके नाम पर विचार नहीं करने का अनुरोध किया है। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं।

पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने कार्यभार प्रबंधन के लिये टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैचों के लिये उनके नाम पर विचार नहीं करने का अनुरोध किया है। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट के लिये शाहीन के बिना पाकिस्तानी टीम का ऐलान होने पर सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में कार्यभार प्रबंधन किया जा रहा है। सूत्र ने कहा ,'' असलियत यह है कि शाहीन ने खुद अनुरोध किया था कि चैम्पियंस ट्रॉफी तक टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रखा जाये।'' उन्होंने कहा कि शाहीन ने टीम प्रबंधन और बोर्ड को बताया कि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग की एक टीम से पेशकश भी मिली है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि वह 30 दिसंबर से सात फरवरी तक होने वाली टी20 लीग के दौरान कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे।



## क्रिकेटर विनोद कांबली के स्वास्थ्य में सुधार

**मुंबई।** विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो रहा है। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कांबली को बेचैनी महसूस होने के बाद सोमवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि कांबली निम्न रक्तचाप और मूत्र मार्ग के संक्रमण (यूटीआई) सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं, लेकिन उन पर इलाज का असर हो रहा है। उनकी हालत स्थिर हो रही है। डॉक्टरों ने बताया कि सोडियम और पोटैशियम में असंतुलन के कारण उनमें जकड़न और गतिशीलता संबंधी समस्याएं देखी गईं। उन्होंने कहा कि उनके मस्तिष्क में पिछले स्ट्रोक के कारण बने थक्के भी पाए गए, जिससे न्यूरोडीजेनेरेटिव परिवर्तन हुए।

# स्कॉट बोलैंड की वापसी, सैम कॉन्सटास मेलबर्न टेस्ट में करेंगे पदार्पण

एजेंसी

**मेलबर्न।** स्कॉट बोलैंड एक बार फिर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होने वाले टेस्ट मैच में वापसी और सैम कॉन्सटास ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण करेंगे। कॉन्सटास 19 साल और 85 दिन में टेस्ट पदार्पण करने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे।

इयान क्रैग, मौजूदा कप्तान पैट कमिंस और टॉम गैरेट ने ही उनसे कम उम्र में पदार्पण किया है। मक्डॉनल्ड ने मंगलवार को प्रशिक्षण के बाद संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता टोनी डोडेमाडे ने उसी सुबह कॉन्सटास को अच्छी खबर दी, लेकिन उन्होंने कहा कि शेष एकादश की पुष्टि क्रिसमस के दिन होगी जब कमिंस मैच से पहले संवददाता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा, हमने गर्मियों की शुरुआत में ही कहा था कि हम पीछे नहीं हटेंगे और उम्र कोई बाधा नहीं होगी। और उसके पास शॉट्स की एक सीरीज है, विरोधियों पर दबाव बनाने की क्षमता है और वह मिले अवसर का फायदा उठाता है। हम वास्तव में उसके लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि बायें हाथ का बल्लेबाज ट्रेविस हेड मैच खेलने के लिए फिट होगा। हेड ने मंगलवार को नेट्स में थोड़ी दौड़ लगाई और क्षेत्ररक्षण किया। लेकिन मेलबर्न में खेलने के लिए उन्हें फिटनेस टेस्ट देना होगा।ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते समय हेड को बहुत मामूली जांघ में खिंचाव का सामना करना पड़ा और बारिश के कारण मैच समाप्त होने से पहले उन्होंने भारत की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण नहीं किया। मक्डॉनल्ड ने कहा, फिलहाल कोई चिंता की बात नहीं है। उन्हें आधिकारिक तौर पर हटाया नहीं गया है। मैंने वहां उसके प्रशिक्षण सत्र का बैक-एंड नहीं देखा, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि वह खेलेगा।



# गल्फ ऑयल ने नायरा एनर्जी के साथ की साझेदारी

एजेंसी

**मुंबई।** लुब्रिकेंट और ऑटोमोटिव उत्पाद क्षेत्र की अग्रणी कंपनी गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड ने देशभर के 6500 से अधिक फ्यूल स्टेशनों पर प्रीमियम ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स और एडब्लू लाने के लिए आज नायरा एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की।




कंपनी ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि इस साझेदारी के तहत गल्फ की संपूर्ण ऑटोमोटिव उत्पाद श्रृंखला दोपहिया वाहन, यात्री कार, वाणिज्यिक वाहन और कृषि से संबंधित वाहनों के लिए लुब्रिकेंट्स देशभर में नायरा एनर्जी के 6500 से अधिक फ्यूल रिटेल आउटलेट्स के व्यापक नेटवर्क पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह रणनीतिक गठबंधन तीन साल के अनुबंध का हिस्सा है, जो नायरा एनर्जी की पहुंच का लाभ उठाकर गल्फ ऑयल की ब्रांड उपस्थिति और उत्पाद उपलब्धता को और मजबूत करेगा ताकि विस्तारित ऑटोमोटिव बाजार, विशेष रूप से भारत में देश के तेजी से विकसित हो रहे राजमार्ग बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा किया जा सके। गल्फ के पास पहले से ही डिपो और एडब्लू के लिए विभिन्न अन्य टचपॉइंट के माध्यम से एक स्थापित वितरण नेटवर्क है और यह साझेदारी उस पहुंच को और बढ़ाएगी। गल्फ और नायरा एनर्जी संयुक्त रूप से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक दर्शकों तक विश्व स्तरीय, विश्वसनीय ऑटोमोटिव उत्पाद लाने के लिए प्रतिबद्ध सिलवासा और चेन्नई में इसकी अत्याधुनिक विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं में लुब्रिकेंट्स और एडब्लू के लिए 332,000 किलोलीटर की संयुक्त क्षमता है, जो कंपनी को वैश्विक लीडर के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने में सक्षम बनाती है।

गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि चावला ने कहा, नयारा एनर्जी के साथ हमारी साझेदारी भारत के राजमार्गों और ईंधन स्टेशनों पर गल्फ की उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ब्रांड के रूप में गल्फ ने लगातार उच्च गुणवत्ता और अभिनव ऑटोमोटिव समाधान प्रदान करने में मानक स्थापित किए हैं। नायरा के विशाल नेटवर्क और ईंधन खुदरा बिक्री में विशेषज्ञता के समर्थन से हम उच्च गुणवत्ता वाले, भरोसेमंद ऑटोमोटिव समाधानों के साथ उपभोक्ताओं की एक विस्तृत श्रृंखला की सेवा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। नायरा एनर्जी के मुख्य विपणन अधिकारी मधुर तनेजा ने कहा, हम मानते हैं कि ग्राहक हमारे विस्तृत खुदरा नेटवर्क में एक विशिष्ट सेवा अनुभव बनाने के मूल में है। गल्फ ऑयल के साथ यह नवीनतम गठजोड़ ऑटोमोटिव उत्पाद पेशकशों की हमारी श्रृंखला को बढ़ाने के लिए एक और सकारात्मक कदम है, जो मोटर चालकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला प्रदर्शन देने में सक्षम है।

# शेयर बाजार में गिरावट

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, धातु और पावर समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार पिछले दिवस की तेजी गंवाकर आज गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 67.30 अंक टूटकर 78,472.87 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 25.80 अंक फिसलकर 23,727.65 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही, जिससे मिडकैप 0.09 प्रतिशत उतरकर 46,314.02 अंक और स्मॉलकैप




0.37 प्रतिशत की बढ़त लेकर 55,023.17 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4092 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1977 में लिवाली जबकि 2019 में बिकवाली हुई वहीं 96 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 कंपनियों में तेजी जबकि अन्य 28 में गिरावट रही। बीएसई के 13 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 0.33, वित्तीय सेवाएं 0.14, इंडस्ट्रियल्स 0.11, आईटी 0.28, यूटिलिटीज 0.52, बैंकिंग 0.22, कैपिटल गुड्स 0.10, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.50, धातु 0.93, पावर 0.73, रियल्टी 0.23, टेक 0.33 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.39 प्रतिशत गिर गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.55, हांगकांग का हैंगसेंग 1.08 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.26 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.18 और जापान के निक्केई में 0.32 प्रतिशत की गिरावट रही।

# थिंक इंडिया नेशनल कन्वेंशन का शानदार समापन

एजेंसी

**हरिद्वार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रूड़की में आयोजित 'थिंक इंडिया नेशनल कन्वेंशन 2024' का शानदार समापन हुआ। आईआईएससी, आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम और एनएलयू जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें अपनी सहभागिता की। सोमवार को संपन्न थीम 'भारत 4.0' तीन दिवसीय कार्यक्रम ने तकनीकी प्रगति, टिकाऊ प्रथाओं व स्वदेशी समाधानों के मिश्रण से 2047 तक आत्मनिर्भर एवं लचीला राष्ट्र बनने के लिए भारत के रोडमैप पर उन्नत चर्चा को बढ़ावा दिया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक दूरदर्शी मुख्य भाषण दिया। टिकाऊ बुनियादी ढांचे, हरित प्रौद्योगिकियों और डिजिटल नवाचार की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए, उन्होंने अपनी युवा और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग जनशक्ति का लाभ उठाकर वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डाला। श्री गडकरी ने कहा, ज्ञान एवं कचरे को धन में बदलना ही भारत का भविष्य है। उन्होंने 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की, जिसमें आयात को कम करने, निर्यात को बढ़ावा देने और टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने के महत्व को रेखांकित किया गया। उन्होंने आर्थिक विकास और रोजगार सृजन की रीढ़ के रूप में जल, ऊर्जा, परिवहन और संचार सहित बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। श्री गडकरी ने प्रदूषण को कम करने और जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करने के लिए जैव ईंधन, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में बदलाव की वकालत की। स्थिरता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत की बढ़ती प्रमुखता की ओर इशारा किया, जो अब विश्व स्तर पर तृतीय स्थान पर है, और पांच वर्षों के भीतर ईवी-आधारित सार्वजनिक परिवहन में पूर्ण बदलाव का अनुमान लगाया। इलेक्ट्रिक बसों के लिए सब्सिडी को पर्यावरण-अनुकूल और लागत प्रभावी समाधानों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा गया। सम्मेलन में आईआईटी रूड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत ने इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम की मेजबानी पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, थिंक इंडिया नेशनल कन्वेंशन 2024 की मेजबानी करना आईआईटी रूड़की के लिए सम्मान की बात है, यह एक ऐसा मंच है जो सहयोग और नवाचार की भावना का प्रतीक है। यह कार्यक्रम परिवर्तनकारी चर्चाओं को चलाने और अभूतपूर्व नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए हमारे संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से उन्नत भारत 4.0 का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रो. पंत ने 200 से अधिक स्टार्टअप के केंद्र आईआईटी रूड़की में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र की सराहना की, जो विद्वानों को नौकरी निर्माता बनने और बेरोजगारी से निपटने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## किडज़ानिया इंडिया का विंटर वंडरलैंड

**नयी दिल्ली।** खुशियों भरा सर्दियों और छुट्टियों का मौसम आ चुका है ऐसे में क्रिसमस के रोमांच भरे अनुभव के लिए किडज़ानिया दिल्ली एनसीआर में विंटर वंडरलैंड शुरू हो गया है जो 12 जनवरी तक चलेगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसमें क्रिसमस की खूबसूरती के संग साइंटिफिक ऐक्स्प्लोरेशन, रचनात्मकता और मौज-मस्ती भरी गतिविधियों का संगम देखने को मिलेगा और बच्चे इसमें बहुत कुछ सीख सकते हैं। उसने कहा किइस साल का विंटर वंडरलैंड महज़ जश्न से कहीं ज्यादा है। यह एक ऐसा अनुभव है जो परिवारों और बच्चों के लिए एकसमान रूप से जिज्ञासा जगाने, रचनात्मकता को प्रेरित करने और ऐसी यादों का वादा करता है जिन्हें वे वर्षों तक दिल में संजोये रखेंगे। विंटर वंडरलैंड में मौजूद है स्नोई वंडर्स लैब जहां विज्ञान और हॉलीडे मैजिक आपस में मिलते हैं। आगंतुक विविध दिलचस्प प्रयोगों में भाग ले सकते हैं।

# महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ साझेदारी की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की कृषि उपकरण क्षेत्र की इकाई महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ डीलरों को बेहतर चैनल फाइनेंस समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से आज एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।

कंपनी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि इस समझौते से डीलरों को वित्तीय समाधान उपलब्ध होंगे, जो उनके कार्यशील पूंजी प्रबंधन को सरल बनाने, इन्वेंट्री को व्यवस्थित करने और व्यवसाय को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। साझेदारी के तहत एक वर्ष या उससे अधिक समय से व्यवसाय कर रहे सभी महिंद्रा ट्रैक्टर्स डीलर पांच करोड़ रुपये तक की वित्त सीमा के लिए




पात्र होंगे। यह सीमा डीलरों की 105 दिनों की बिक्री के आधार पर तय की जाएगी। साथ ही डीलरों को 105-दिवसीय क्रेडिट अवधि का लाभ मिलेगा, जिसमें 15 दिनों की अतिरिक्त अनुग्रह अवधि शामिल होगी। इस कार्यक्रम के तहत डीलरों को बिना किसी मार्जिन आवश्यकता के 100 प्रतिशत चालान फंडिंग की सुविधा मिलेगी। डीलरों को प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और सरल प्रक्रियाओं के साथ वित्तपोषण की सुविधा मिलेगी। यह पूरी प्रक्रिया पीएनबी के डिजिटल एफएससीएम (फाइनेंशियल सप्लाई चेन मैनेजमेंट) मॉड्यूल के माध्यम से संचालित होगी, जिससे ग्राहक सेवा का स्तर और बेहतर होगा। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के कृषि उपकरण क्षेत्र के अध्यक्ष हेमंत सिक्का ने इस साझेदारी पर कहा, हम अपने डीलरों को उनकी विशिष्ट व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए पीएनबी के साथ साझेदारी करके प्रसन्न हैं। यह सहयोग न केवल कार्यशील पूंजी प्रबंधन को बेहतर बनाएगा बल्कि हमारे डीलरों को किसानों की सेवा करने में भी समर्थ बनाएगा। पीएनबी के मुंबई जोन के मुख्य महाप्रबंधक फिरोज हसनैन ने कहा, महिंद्रा ट्रैक्टर्स के साथ यह साझेदारी हमारी एमएसएमई और कृषि क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा उद्देश्य है कि डीलरों को वित्तीय समाधान उपलब्ध कराए जाएं ताकि उनकी दक्षता और वित्तीय स्थिरता में वृद्धि हो। इस कार्यक्रम में पीक सीजन के दौरान डीलरों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने का भी प्रावधान है।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्षीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

